हिंदू नववर्ष
विक्रम संवत 2083

गुरुवार, 19 मार्च 2026
www.samagya.in
विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव।।

# समाज्ञा

स्थानीय खबरें पृष्ठ तीन, चार और पांच पर
कोलकाता, चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा, वि.स. 2083, पृष्ठ 10, मूल्य 3.00 रुपये
सुविचार : ठोकर लगने का यह मतलब होता है कि आप चलना सीख जायें।

RED-X
B.W.P. PLY,
BOARDS& DOORS
'X' Factor that Makes A Difference
Stockist :
GULAB CHAND
LAL CHAND& Co.
9831114555
9874415555

### चुनाव से पहले पश्चिम बंगाल में बड़े पैमाने पर प्रशासनिक फेरबदल

# निर्वाचन आयोग ने 13 आईएएस एवं पांच आईपीएस अधिकारियों का किया तबादला

**कोलकाता, समाज्ञा :** पश्चिम बंगाल में बुधवार को निर्वाचन आयोग ने वरिष्ठ अधिकारियों के तबादले का एक नया दौर शुरू करते हुए भारतीय प्रशासनिक सेवा के 13 अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-सह-डीईओ) के रूप में नियुक्त किया और पांच आईपीएस अधिकारियों को उप महानिरीक्षक (डीआईजी) के रूप में तैनात किया। आईएएस अधिकारियों को जिलाधिकारी (डीएम) के रूप में नियुक्त किया गया है, जो जिला निर्वाचन अधिकारी (डीईओ) के रूप में भी कार्य करेंगे, जिससे वे जिला स्तर पर चुनाव प्रबंधन और पर्यवेक्षण के केंद्र में आ जाएंगे। निर्वाचन आयोग द्वारा जारी एक आधिकारिक सूचना के अनुसार, जितिन यादव (कूचबिहार), संदीप घोष (जलपाईगुड़ी), विवेक कुमार (उत्तर दिनाजपुर), राजनवीर सिंह कपूर (मालदह) और आर अर्जुन (मुर्शिदाबाद) समेत अधिकारियों को जिलाधिकारी सह जिला निर्वाचन अधिकारी (डीएम-सह-डीईओ) के




रूप में तैनात किया गया है। इसी तरह श्रीकांत पल्ली को नदिया का डीएम-सह-डीईओ, स्वेता अग्रवाल को पूर्व बर्दवान, शिल्पा गोरिसरिया को उत्तर 24 परगना, अभिषेक कुमार तिवारी को दक्षिण 24 परगना, हरिशंकर पणिक्कर को दार्जिलिंग और टी बालासुब्रमण्यम को अलीपुरद्वार का डीएम-सह-डीईओ नियुक्त किया गया है। स्मिता पांडे को कोलकाता नगर निगम की नगर आयुक्त और कोलकाता उत्तर की डीईओ के रूप में तैनात किया गया है, जबकि रणधीर कुमार कोलकाता दक्षिण के डीईओ के रूप में कार्यभार संभालेंगे।

एक समानांतर आदेश में निर्वाचन आयोग ने पांच आईपीएस अधिकारियों को डीआईजी के रूप में स्थानांतरित और तैनात किया। राठौड़ अमितकुमार भरत को रायगंज रेंज का डीआईजी नियुक्त किया गया है, जबकि अजीत सिंह यादव मुर्शिदाबाद के डीआईजी के रूप में काम करेंगे। श्रीहरि पांडे को डीआईजी (बर्दवान), कंकर प्रसाद बरुई को डीआईजी (प्रेसीडेंसी रेंज) और अंजलि सिंह को डीआईजी (जलपाईगुड़ी) के पद पर तैनात किया गया है। आयोग ने कहा कि इन निर्देशों को तत्काल प्रभाव से लागू किया जाना है और अधिकारियों के कार्यभार ग्रहण करने के संबंध में अनुपालन रिपोर्ट 19 मार्च को दोपहर 3 बजे तक प्रस्तुत की जानी चाहिए।

### चुनाव आयोग ने बंगाल के 15 आईपीएस अधिकारियों को दूसरे राज्यों में बनाया ऑब्जर्वर

**कोलकाता, समाज्ञा :** चुनाव आयोग ने बंगाल से 15 आईपीएस अधिकारियों को दूसरे राज्यों में चुनावों में ऑब्जर्वर के तौर पर भेजने का फ़ैसला किया है। उन्हें तमिलनाडु और केरल में चुनाव ऑब्जर्वर के तौर पर भेजा जा रहा है। इस सूची में कई कमिश्नरेट के पुलिस कमिश्नर और जिला पुलिस अधीक्षक शामिल हैं। इसमें राशिद मुनीर खान, संदीप कारा, प्रियब्रत रॉय, प्रवीण कुमार त्रिपाठी, मुकेश, मुरलीधर शर्मा, इंदिरा मुखर्जी, धृतिमान सरकार, सी सुधाकर, भास्कर मुखर्जी, अभिजीत बनर्जी, अमनदीप, आकाश मघारिया, आलोक राजोरिया और सैयद वकार राजा शामिल है। बता दें कि चुनाव की घोषणा के बाद आयोग ने इन आईपीएस अधिकारियों को हटा दिया था। हालांकि, राज्य सरकार ने उनका दूसरी जगह तबादला कर दिया था, लेकिन चुनाव आयोग ने उन्हें अस्थायी तौर पर दूसरे राज्य में भेजने का फ़ैसला किया।

### तेल-गैस से लदे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य क्षेत्र में फंसे

**नयी दिल्ली :** पश्चिम एशिया संघर्ष के बीच फारस की खाड़ी में फंसे भारतीय ध्वज वाले 22 जहाजों पर 16.7 लाख टन कच्चा तेल, 3.2 लाख टन एलपीजी और लगभग दो लाख टन एलएनजी लदा हुआ है। एक वरिष्ठ अधिकारी ने बुधवार को यह जानकारी दी। पोत परिवहन मंत्रालय के विशेष सचिव राजेश कुमार सिन्हा ने बताया कि ये जहाज होर्मुज जलडमरूमध्य के रास्ते आगे जाने का इंतजार कर रहे हैं। सिन्हा ने बताया कि शुरू में पश्चिम एशिया में युद्ध भड़कने के समय भारतीय जहाज वाले 28 जहाज इस जलडमरूमध्य में मौजूद थे। इनमें से 24 जहाज जलडमरूमध्य के पश्चिमी किनारे पर जबकि चार जहाज पूर्वी किनारे पर थे। पिछले सप्ताह, दोनों किनारों से दो-दो जहाज सुरक्षित निकलने में सफल रहे।

# 'ईडी की छापेमारी के दौरान ममता बनर्जी का दखल देना अच्छी स्थिति नहीं'

### सुप्रीम कोर्ट ने आई-पैंक मामले में ममता बनर्जी को लगाई फटकार

**नयी दिल्ली :** सुप्रीम कोर्ट ने बुधवार को पश्चिम बंगाल से कहा कि प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) की छापेमारी के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी का दखल देना 'अच्छी स्थिति नहीं' है। आई-पैक कार्यालय में ईडी की छापेमारी को लेकर शीर्ष कोर्ट ने यह टिप्पणी की। बार एंड बेंच के अनुसार, जस्टिस पंकज मिश्रा और जस्टिस एनवी अंजारिया की पीठ ने कहा कि ईडी जैसी केंद्रीय एजेंसी के काम में बाधा आने पर उसे बिना किसी उपाय के नहीं छोड़ा जा सकता। बेंच की यह टिप्पणी उस



समय आई, जब पश्चिम बंगाल की ओर से यह दलील दी गई कि कोई केंद्रीय एजेंसी संविधान के अनुच्छेद 32 के तहत सीधे सुप्रीम कोर्ट नहीं जा सकती।सुनवाई के दौरान पश्चिम बंगाल की ओर से वकील श्याम दीवान पेश हुए। उन्होंने कहा, ईडी कोई अलग कानूनी इकाई नहीं है, यह केवल सरकार का एक विभाग है। इसकी अपनी कोई अलग पहचान नहीं है। लाइव लॉ के अनुसार, उन्होंने यह भी कहा कि अगर कोई मौलिक अधिकार लागू ही नहीं होता, तो अनुच्छेद 32 के तहत याचिका दायर नहीं की जा सकती। इस मामले की अगली सुनवाई 24 मार्च को होगी।

### रुपया 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर

**मुंबई :** अमेरिकी मुद्रा में मजबूती और विदेशी निवेशकों की ओर से बाजार से सतत निकासी के दबाव में रुपया बुधवार को 49 पैसे लुढ़ककर 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ। विदेशी मुद्रा कारोबारियों ने कहा कि पश्चिम एशिया में बढ़ते संघर्ष के बीच वैश्विक बाजारों में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों ने भी बाजार की धारणा को कमजोर किया। अंतरबैंक विदेशी मुद्रा विनिमय बाजार में रुपया 92.42 के भाव पर खुला और अधिकांश समय 92.41-92.89 के दायरे में कारोबार करता रहा। कारोबार के अंत में यह 92.89 प्रति डॉलर के रिकॉर्ड निचले स्तर पर बंद हुआ जो पिछले बंद भाव से 49 पैसे की जोरदार गिरावट है।

## सरकारी बैंकों में नौकरी चाहने वाले उम्मीदवारों के लिए अच्छा ''क्रेडिट स्कोर'' आवश्यक : केंद्र

**नयी दिल्ली :** सरकार ने संसद को बताया कि सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों में नौकरी के इच्छुक उम्मीदवारों को अंतिम चयन के लिए विचार किए जाने हेतु अच्छा ''क्रेडिट स्कोर'' बनाए रखना आवश्यक है। वित्त राज्य मंत्री पंकज चौधरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि बैंकिंग कार्मिक चयन संस्थान (आईबीपीएस) परीक्षा आयोजित करने वाली एजेंसी है जो सदस्य बैंकों की आवश्यकताओं के अनुसार भर्ती परीक्षाएं आयोजित करती है। चौधरी ने कहा कि आईबीपीएस द्वारा आयोजित सामान्य भर्ती प्रक्रिया (सीआरपी) के लिए आवेदन करने वाले उम्मीदवारों को यह सुनिश्चित करना आवश्यक है कि वे सहभागी बैंकों में शामिल होने के समय बेहतर 'क्रेडिट' इतिहास बनाए रखें और न्यूनतम 'क्रेडिट स्कोर' सहभागी बैंकों की समय-समय पर संशोधित नीति के अनुसार होगा। उन्होंने कहा कि हालांकि, यह आवेदन करने के लिए पूर्व शर्त नहीं है और बैंक में खाता नहीं रखने वाले / बिना 'क्रेडिट' इतिहास वाले उम्मीदवारों पर लागू नहीं है। उन्होंने कहा कि इसके अतिरिक्त, वे उम्मीदवार जिनकी 'क्रेडिट' स्थिति को 'सिबिल' या अन्य समान एजेंसियों के साथ शामिल होने की तारीख से पहले अद्यतन नहीं किया गया है, उन्हें या तो स्थिति को अद्यतन करना होगा या ऋणदाता से अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत करना होगा।

# राज्यसभा : मोदी ने 59 सांसदों को विदाई दी, कहा : राजनीति में फुल स्टॉप नहीं होता

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को अप्रैल से जुलाई के बीच राज्यसभा से सेवानिवृत्त हो रहे 59 सांसदों को विदायी देते हुए संसद को ''एक खुला विश्वविद्यालय'' करार दिया। प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों से राष्ट्रीय जीवन में योगदान जारी रखने का आह्वान करते हुए कहा ''राजनीति में फुल स्टॉप नहीं होता।'' उच्च सदन में मोदी ने कहा कि ऐसे क्षण स्वाभाविक रूप से पार्टीगत मतभेदों को भुला देते हैं। उन्होंने कहा ''हम सभी में एक साझा भावना उत्पन्न होती है - यह एहसास कि हमारे सहयोगी अब अन्य प्रयासों को आगे बढ़ाने जा रहे हैं।'' उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद कुछ सदस्य पुन: सदन में आएंगे और कुछ नहीं आएंगे। ऐसे सदस्यों को प्रधानमंत्री ने आश्वस्त करते हुए कहा ''राजनीति में फुल स्टॉप जैसी कोई चीज़ नहीं होती। भविष्य आपका भी इंतजार कर रहा है, और आपका अनुभव हमेशा हमारे राष्ट्रीय जीवन का स्थायी हिस्सा रहेगा।'' मोदी ने तीन वरिष्ठ नेताओं



- पूर्व प्रधानमंत्री एच डी देवेगौड़ा, नेता प्रतिपक्ष मल्लिकार्जुन खरगे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (शप) प्रमुख शरद पवार की खास तौर पर सराहना की और उन्हें ऐसे स्तंभ बताया जिन्होंने अपने जीवन का आधे से अधिक समय संसदीय कार्यवाहियों में बिताया। उन्होंने कहा ''जिस तरह वे नियमित रूप से सदन आते हैं, कार्रवाई में इतनी निष्ठा के साथ भाग लेते हैं, वह वास्तव में अनुकरणीय है - यह एक ऐसी भावना है जिससे सभी नए सांसदों को सीख लेनी चाहिए।'' प्रधानमंत्री ने सेवानिवृत्त हो रहे राज्यसभा के उप सभापति हरिवंश की भी सराहना की। मोदी ने उन्हें ''मृदुभाषी और विनम्र'' लेकिन ''कठोर कार्रवाई वाले व्यक्ति'' बताया। उन्होंने उल्लेख किया कि हरिवंश ने अवकाश काल के दौरान देशभर की यात्राएं कीं और युवाओं से राष्ट्रीय महत्व के मुद्दों पर संवाद किया। उन्होंने हल्के फुल्के अंदाज में केंद्रीय मंत्री रामदास अठावले का भी जिक्र किया। उन्होंने कहा ''हमारे अठावले जी वास्तव में सदाबहार हैं। वह जा रहे हैं, फिर भी मुझे विश्वास है कि कोई खालीपन महसूस नहीं करेगा, वह लगातार सेवाएँ देते रहेंगे।''

# मंत्रिमंडल ने 33,660 करोड़ रुपये की 'औद्योगिक विकास योजना' को मंजूरी दी

### मोदी ने मंत्रिमंडल के फैसलों की सराहना की

**नयी दिल्ली :** सरकार ने विनिर्माण क्षेत्र को बढ़ावा देने के उद्देश्य से बुधवार को 33,660 करोड़ रुपये की 'भारत औद्योगिक विकास योजना' (भव्य) को मंजूरी दी, जिसके तहत देशभर में 100 'प्लग-एंड-प्ले' औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की अध्यक्षता में हुई केंद्रीय मंत्रिमंडल की बैठक में इस योजना को स्वीकृति दी गई। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार पैदा होने का अनुमान है। सूचना एवं प्रसारण मंत्री अश्विनी वैष्णव ने इस फैसले की जानकारी देते हुए कहा कि इस पहल से देश में विश्वस्तरीय औद्योगिक बुनियादी ढांचा विकसित होगा और विनिर्माण क्षेत्र को गति मिलेगी। 'भव्य' योजना के तहत 100 एकड़ से लेकर 1,000 एकड़ तक के औद्योगिक पार्क विकसित किए जाएंगे, जिनके लिए प्रति एकड़ एक करोड़ रुपये तक की वित्तीय सहायता प्रदान की जाएगी। 'प्लग-एंड-प्ले' पार्क विकसित ढांचे वाले औद्योगिक क्षेत्र होते हैं जहां कंपनियां लंबी तैयारी के बगैर तुरंत ही उत्पादन या संचालन शुरू कर सकती हैं। इन पार्कों में आंतरिक सड़कें, भूमिगत उपयोगिताएं, पानी-निकासी, अवशिष्ट प्रबंधन और प्रशासनिक ढांचा जैसी मूलभूत सुविधाएं उपलब्ध होंगी। इसके अलावा, तैयार फैक्ट्री शेड, किसी खास कंपनी की जरूरत के हिसाब से डिजाइन एवं तैयार 'बिल्ट-टू-सूट' इकाइयां, परीक्षण प्रयोगशालाएं, गोदाम और श्रमिकों के लिए आवास जैसी मूल्यवर्धित सुविधाएं भी विकसित की जाएंगी। वैष्णव ने कहा कि इन औद्योगिक पार्कों में बाहरी बुनियादी ढांचे के लिए परियोजना लागत का 25 प्रतिशत तक समर्थन दिया जाएगा, ताकि संपर्क सुविधा बेहतर हो सके। इस योजना के तहत करीब 15 लाख प्रत्यक्ष रोजगार सृजित होने का अनुमान है। साथ ही, यह पहल एमएसएमई, स्टार्टअप, विनिर्माण इकाइयों और वैश्विक निवेशकों को तैयार औद्योगिक ढांचा उपलब्ध कराकर निवेश को आकर्षित करेगी।

## पांच विधानसभाओं के चुनाव में 25 लाख कर्मियों को तैनात किया जाएगा : निर्वाचन आयोग

**नयी दिल्ली :** चार राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की विधानसभा के लिए अगले महीने होने चुनावों के लिए 8.5 लाख सुरक्षाकर्मियों सहित लगभग 25 लाख कर्मियों को तैनात किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने बुधवार को यह जानकारी दी। आयोग के मुताबिक पश्चिम बंगाल, तमिलनाडु, केरल, असम और पुडुचेरी में होने जा रहे विधानसभा चुनावों में लगभग 17.4 करोड़ मतदाता अपने मताधिकार का प्रयोग करेंगे। निर्वाचन आयोग ने कहा कि मुख्य चुनाव आयुक्त (सीईसी) ज्ञानेश कुमार ने चुनाव कार्यक्रम की घोषणा करते हुए कहा था कि अधिकारियों को पूरी निष्पक्षता के साथ कार्य करने का निर्देश दिया गया है ताकि यह सुनिश्चित किया जा सके कि चुनाव हिंसा और प्रलोभन से मुक्त हो तथा प्रत्येक मतदाता बिना किसी भय या पक्षपात के मतदान कर सके। निर्वाचन अयोग के मुताबिक चुनाव प्रक्रिया को संपन्न कराने के लिए लगभग 15 लाख मतदान अधिकारी, 8.5 लाख सुरक्षाकर्मी, 40,000 मतगणना कर्मी, 49,000 सूक्ष्म पर्यवेक्षक, 21,000 सेक्टर अधिकारी और मतगणना के लिए 15,000 सूक्ष्म पर्यवेक्षक तैनात किये जाएंगे। आयोग ने रविवार को घोषणा की कि नौ अप्रैल को असम, केरल और पुडुचेरी में एक ही चरण में मतदान होगा जबकि तमिलनाडु में 23 अप्रैल को मतदान होगा। वहीं पश्चिम बंगाल में दो चरणों में 23 अप्रैल और 29 अप्रैल को मतदान होगा। मतों की गिनती के लिए चार मई की तारीख निर्धारित की गई है।

### सरकार ने विमानन कंपनियों से से कहा, ''उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर अतिरिक्त शुल्क न लें''

**नयी दिल्ली :** सरकार ने विमानन कंपनियों से मंगलवार को कहा कि घरेलू उड़ानों में 60 प्रतिशत सीट पर यात्रियों से अतिरिक्त शुल्क न लेने को कहा गया है। इसके अलावा, नागर विमानन मंत्रालय के प्रयासों के तहत यात्रियों की सुविधा बढ़ाने के लिए विमानन कंपनियों से यह सुनिश्चित करने को भी कहा गया है कि एक ही 'पीएनआर' (पैसेंजर नेम रिकॉर्ड) पर यात्रा करने वाले यात्रियों को उड़ान में साथ बैठाया जाए । इन कदमों की घोषणा करते हुए मंत्रालय ने कहा कि नागर विमानन महानिदेशालय (डीजीसीए) ने विमानन कंपनियों को निर्देश दिया है कि हर उड़ान में कम से कम 60 प्रतिशत सीट बिना अतिरिक्त शुल्क के उपलब्ध कराई जाएं ताकि निष्पक्ष पहुंच सुनिश्चित हो सके। एक विमानन कंपनी के अधिकारी ने बताया कि वर्तमान में केवल 20 प्रतिशत सीट बिना शुल्क के बुक की जा सकती हैं जबकि बाकी सीट के लिए भुगतान करना पड़ता है।

## तेल की कीमतों में उछाल के बीच ईरान युद्ध में दोनों पक्षों ने ऊर्जा सुविधाओं पर हमले तेज किए

**दुबई :** इजराइल ने बुधवार को ईरान के नेताओं को निशाना बनाने का अपना अभियान जारी रखा, जिसमें देश के खुफिया मंत्री की हत्या कर दी गई और एक ईरानी अपतटीय प्राकृतिक गैस क्षेत्र पर हमला किया गया, जो क्षेत्र की आर्थिक जीवनरेखा मानी जाने वाली ऊर्जा पर दोनों पक्षों से बढ़ते युद्ध के दबाव का संकेत है। ईरान 28 फरवरी को युद्ध शुरू होने के बाद से खाड़ी अरब देशों के ऊर्जा संयंत्रों को निशाना बना रहा है और उसने होर्मुज जलडमरूमध्य को (जिससे होकर दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत तेल का परिवहन होता है) लगभग बाधित कर दिया है। बुधवार को ईरान ने सऊदी अरब के उस प्रांत पर हमला किया जहां कई तेल क्षेत्र स्थित हैं और उसने कतर और संयुक्त अरब अमीरात में भी तेल और गैस अवसंरचनाओं पर हमले तेज करने की धमकी दी है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में तेल की कीमत 108 अमेरिकी डॉलर प्रति बैरल से ऊपर पहुंच जाने के साथ (युद्ध की शुरुआत के बाद से 40 प्रतिशत से अधिक की वृद्धि) गैसोलीन और अन्य वस्तुओं की कीमतें भी बढ़ रही हैं, जिससे दुनिया भर के उपभोक्ताओं और अर्थव्यवस्थाओं पर दबाव पड़ रहा है। इजराइल के रक्षा मंत्री इसराइल काट्ज ने कहा कि ईरानी खुफिया मंत्री इस्माइल खातीब रात भर चले हमले में मारे गए और उन्होंने कहा कि आज पूरे दिन सभी मोर्चों पर महत्वपूर्ण आश्चर्यजनक घटनाओं के सामने आने की उम्मीद है। हालांकि उन्होंने इसके बारे में विस्तार से नहीं बताया। ईरान ने फारस की खाड़ी के अपने पड़ोसी देशों और इजराइल पर हमले करके जवाबी कार्रवाई की, जिसमें तेल अवीव के पास इजराइल में दो लोग मारे गए। इजराइल के हवाई अड्डा प्राधिकरण के अनुसार, हाल के दिनों में ईरान से दागी गई मिसाइलों को रोके जाने के बाद बेन गुरियन अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे पर तीन निजी विमान क्षतिग्रस्त हो गए।

# इंदौर में ईवी के 'चार्जिंग प्वाइंट' में विस्फोट के बाद मकान में आग लगने से आठ लोगों की मौत

**इंदौर (मध्यप्रदेश) :** इंदौर में तीन मंजिला मकान के बाहर बुधवार तड़के इलेक्ट्रिक वाहन (ईवी) को चार्ज किए जाने के दौरान हुए धमाके के बाद इस इमारत में आग लगने से एक ही परिवार के दो बच्चों और तीन महिलाओं समेत आठ लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने इस घटना पर शोक जताया है। उन्होंने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर कहा, ''मध्यप्रदेश के इंदौर में हुए अग्निकांड में लोगों के हताहत होने से मैं अत्यंत व्यथित हूं। मृतकों के परिजनों के प्रति मेरी गहरी संवेदनाएं। मैं घायलों के शीघ्र स्वस्थ होने की प्रार्थना करता हूं।'' उन्होंने इस घटना में मारे गए प्रत्येक व्यक्ति के परिजनों को दो-दो लाख रुपये और हर घायल को 50,000-50,000 रुपये की सहायता राशि प्रधानमंत्री राष्ट्रीय राहत कोष (पीएमएनआरएफ) के जरिये देने की घोषणा की। इस बीच, प्रदेश सरकार ने विशेषज्ञों की समिति से इस घटना की विस्तृत जांच कराए जाने और ईवी चार्ज करने के संबंध में मानक संचालन प्रक्रिया (एसअ-ोपी) तैयार कराए जाने की घोषणा की है। सहायक पुलिस आयुक्त (एसीपी) कुंदन मंडलोई ने 'पीटीआई-भाषा' को बताया कि ब्रजेश्वरी एनेक्स कॉलोनी के एक मकान में बुधवार तड़के 03:30 बजे से 04:30 बजे के बीच आग लगी। शासकीय महात्मा गांधी स्मृति चिकित्सा महाविद्यालय के डीन डॉ. अरविंद घनघोरिया ने बताया कि इस



घटना में मारे गए आठ लोगों के शव एक सरकारी अस्पताल में लाए गए हैं और उनका पोस्टमॉर्टम कराया जा रहा है। घनघोरिया ने बताया कि मृतकों की पहचान तन्मय (छह), राशि सेठिया (12), सिमरन (30), टीनू (35), सुमन सेठिया (60), विजय सेठिया (65), छोटू सेठिया (22) और मनोज (65) के रूप में हुई है।

### पालम में एक इमारत में लगी भीषण आग, एक ही परिवार के नौ लोगों की मौत

**नयी दिल्ली :** दक्षिण-पश्चिम दिल्ली के पालम इलाके में बुधवार सुबह एक बहुमंजिला आवासीय इमारत में भीषण आग लगने से एक बुजुर्ग महिला और उनकी तीन पोतियों समेत एक ही परिवार के नौ सदस्यों की मौत हो गई। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। महिला की एक पोती की उम्र मात्र तीन साल थी। अधिकारियों ने बताया कि इस घटना में तीन लोग घायल हो गए जिनमें से दो लोगों ने आग से बचने के लिए इमारत से छलांग लगाई थी। यह इमारत पालम मेट्रो स्टेशन के पास राम चौक मार्केट में है। इमारत के 'बेसमेंट', भूतल और पहली मंजिल पर कपड़े तथा सौंदर्य प्रसाधन का शोरूम था, जबकि शोरूम के मालिक राजेंद्र कश्यप का परिवार दूसरी और तीसरी मंजिल पर रहता था। पड़ोसियों ने बताया कि आग शुरू में पहली मंजिल पर लगी थी लेकिन तेजी से फैल गई। संभवतः दुकान में मौजूद अत्यधिक ज्वलनशील पदार्थ इत्र और अन्य सौंदर्य उत्पादों के कारण आग फैली। स्थानीय बाजार संगठन के अध्यक्ष राजेंद्र अपनी पत्नी, पांच बेटों, एक बेटी, चार बहुओं और सात पोते-पोतियों के साथ उस इमारत में रहते थे। अधिकारियों ने बताया कि घटना के समय घर में परिवार के कई सदस्य मौजूद नहीं थे। कश्यप गोवा में थे, जबकि उनका एक बेटा और उसका परिवार छुट्टी मनाने बाहर गए हुए थे।



## पंजाब के प्राकृतिक सुरक्षा कवच पर चोट


सत्ताधीशों की इच्छा शक्ति की कमी और प्रवर्तन एजेंसियों की लापरवाही से खनन माफिया के हौसल बुलंद हैं। कहीं न कहीं नागरिकों की उदासीनता भी इसके मूल में हैं। पंजाब के रोपड़ जिले की शिवालिक पहाड़ियों में हो रही तबाही उस भयावह स्थिति को दर्शाती है, जिसका खमियाजा आने वाली पीढ़ियों को भी भुगतना पड़ेगा। वजह साफ है कि अंधाधुंध खनन से शिवालिक पहाड़ियों के पारिस्थितिकीय तंत्र को भारी क्षति पहुंच रही है। जो हमें यह भी बताता है कि नीति और प्रवर्तन के बीच खाई में पर्यावरणीय अपराध कैसे और किस तेजी से पनपते हैं। प्रशासन की नाक के नीचे खुदाई करने वाली भारी मशीनों का खुलेआम प्रयोग अवैध खनन हेतु किया जा रहा है। इस पारिस्थितिक रूप से नाजुक क्षेत्र की पूरी पहाड़ियों को समतल किया जा रहा है। जो हमारे पर्यावरण के लिये एक गंभीर चुनौती है। यह क्षति शिवालिक पहाड़ियों के मूल पारिस्थितिक कार्यों मसलन भूजल पुनर्भरण, मृदा-स्थिरता और जैव-विविधता संरक्षण जैसे जीवन रक्षक लक्ष्यों को गंभीर रूप से प्रभावित करती है। दरअसल, यह शिवालिक पर्वतमाला भू-संरचना की दृष्टि से नयी बनी हुई है और स्वाभाविक रूप से अस्थिर है। निर्विवाद रूप से किसी भी स्थान पर होने वाली अनियंत्रित खुदाई से भूमि का कटाव बहुत तेजी से होता है। जिसके चलते वर्षा ऋतु और उसके बाद भूस्खलन की प्रवृत्ति तेजी से बढ़ती है। वहीं इन क्षेत्रों में गाद जमाव का संकट भी गहरा जाता है। कालांतर इसके चलते जल निकासी के पैटर्न में अप्रत्याशित बदलाव देखने में आता है। यह सर्वविदित है कि एक बार इन पहाड़ियों को अवैध रूप से काटकर समतल कर दिया जाता है तो उसके मूल स्वरूप को फिर प्राप्त कर पाना लगभग असंभव है। दूसरे शब्दों में कहें उस क्षेत्र विशेष का प्राकृतिक संरक्षण कवच हमेशा के लिए नष्ट हो जाता है। ऐसे में प्राकृतिक सुरक्षा को नष्ट करने वाला विकास कालांतर आपदा का कारक बन सकता है।

दरअसल, यह ऐसा प्राकृतिक सुरक्षा तंत्र होता है जो निचले मैदानी इलाकों को बाढ़ और जल संकट से बचाता है। यह विडंबना ही कही जाएगी कि इस बाबत जवाबदेह अधिकारियों द्वारा दलील दी जाती रही है कि इस क्षेत्र में खनन की प्रक्रिया पर्यावरण संबंधी स्वीकृतियों के आधार पर की जाती रही है। साथ ही यह भी सफाई दी जाती है कि ऐसी स्वीकृतियों का उल्लंघन करने वालों पर जुर्माना लगाया जाता है। लेकिन हकीकत तब उजागर हो जाती है जब स्थानीय लोग रात के समय होने वाले खनन कार्यों, निर्धारित सीमा से अधिक और बड़े पैमाने पर पहाड़ी इलाकों में कटाई होने के आरोप लगाते हैं। ऐसे में अधिकारियों की तमाम दलीलें खोखली ही साबित होती हैं। दरअसल,सवाल नियम-कानूनों की प्रभावकारिता का नहीं है बल्कि असली दिक्कत प्रवर्तन एजेंसियों की उदासीनता की है। जो वस्तु-स्थिति से अवगत होने के बावजूद इन आपराधिक कृत्यों के प्रति आंखें मूंदे रहती हैं। दरअसल, खनन कार्यों से जुड़े ठेकेदारों को आपराधिक तत्वों व राजनेताओं का संरक्षण भी एक बड़ी चुनौती है। इसमें दो राय नहीं है कि जब अवैध खनन के खिलाफ जमीनी स्तर पर निगरानी के बजाय महज कागजी कार्रवाई का सहारा लिया जाता है तो अवैध खनन को संबल मिलता है। ऐसा भी नहीं है कि यह अवैध खनन केवल पंजाब की शिवालिक पहाड़ियों के आसपास ही हो रहा है। पूरे भारत में, पारिस्थितिक रूप से संवेदनशील तमाम क्षेत्रों में अवैध खनन लगातार पर्यावरण से जुड़े कानूनों की सीमाओं का उल्लंघन करता नजर आता है। अकसर खनन के लिये दिए गए परमिटों में अस्पष्टता और स्थानीय स्तर पर कमजोर निगरानी का फायदा उठाया जाता है। वह भी तब जब सर्वोच्च न्यायालय और राष्ट्रीय हरित न्यायाधिकरण के फैसलों में बार-बार इस बात पर जोर दिया जाता रहा है कि आर्थिक गतिविधियां पारिस्थितिकीय नुकसान की कीमत पर नहीं चलायी जा सकती। फिर भी, जमीनी स्तर पर, प्रवर्तन एजेंसियां या तो शक्तिहीन दिखाई देती हैं या निर्णायक कार्रवाई करने की इच्छाशक्ति उनमें नजर नहीं आती। वास्तव में अवैध खनन पर सिर्फ जुर्माना लगाने के बजाय प्रतिबंधित क्षेत्रों का सख्त सीमांकन, प्रौद्योगिकी आधारित निगरानी तथा अधिकारियों की जवाबदेही सुनिश्चित करने की जरूरत है।


## आज का पंचांग


**कोलकाता :** 19 मार्च, गुरुवार, 2026, विक्रम सम्वत् 2083, चैत्र शुक्लपक्ष प्रतिपदा, 06:52 के बाद, नक्षत्र : उत्तरभाद्रपदा, 27:56 तक, योग : शुक्ला, 25:08 तक, सूर्योदय: 05:43, सूर्यास्त: 17:47, चन्द्रोदय : 05:38, चन्द्रास्त: 18:09, शक सम्वतः 1947 विश्वावसु, सूर्य राशि : मीन, चन्द्र राशि : मीन, राहू काल : 13:14 से 14:44

## राशिफल


**मेष :** आज का दिन किसी बड़े लॉन्च के लिए सही नहीं है। यह समय अपनी रणनीतियां सुधारने और रिसर्च पर ध्यान देंने का है। पुराने प्रोजेक्ट्स पर दोबारा काम करना पड़ सकता है।



**वृष :** करियर में अचानक बदलाव आ सकता है पर पीयर ग्रुप में आपकी इमेज अच्छी बनी रहेगी। प्रमोशन के लिए दबाव बनाने की बजाय फीडबैक लेंने और नेटवर्किंग पर फोकस करें।



**मिथुन :** आज नतीजे मायने रखेंगे, सिर्फ आइडिया नहीं। काम में परफेक्शन दिखाएं पर संचार में ज्यादा सावधानी बरतें क्योंकि वक्री बुध के कारण कोई बड़ी गलती हो सकती है।



**कर्क :** दीर्घकालिक लक्ष्यों पर ध्यान केंद्रित करें और वरिष्ठों से ताज्जुब (अनुभव) लें। कानूनी या अंतरराष्ट्रीय मामलों में क्लेरिकल गलतियां हो सकती हैं, इसलिए दस्तावेजों को अच्छे से पढ़ें।



**सिंह :** बाहरी दुनिया में बड़े कदम लेने के बजाय अपनी रणनीतियों और कॉम्पिटिटर्स पर नजर रखें। बिजनेस पार्टनर्स के साथ कम्युनिकेशन क्लियर रखें। ऋण प्रबंधन पर ध्यान देना जरूरी है।


**कन्या :** आज टीम-वर्क और सहयोग का दिन है। रोजाना के काम में थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है, इसलिए पार्टनर्स के साथ मिलकर काम करें। वित्तीय लाभ अनुबंध और टीम प्रयासों से जुड़े हैं।


**तुला :** नए प्रोजेक्ट लॉन्च करने के बजाय अपने पुराने कामों और शेड्यूल को व्यवस्थित करने पर ध्यान दें। फाइलें खोने की संभावना है, इसलिए अपना काम संभाल कर रखें।


**वृश्चिक :** करियर में इनोवेशन का दौर है पर नींव रखने में थोड़ी कन्फ्यूजन हो सकती है। अपने रचनात्मक विचारों को निखारें और दूसरों से फीडबैक लें। प्रोजेक्ट्स को फाइनल करने में शनि मदद करेंगे।


**धनु :** आज करियर की नींव मजबूत करने का अच्छा समय है। परदे के पीछे किये गए कामों की सुरक्षा करें और घर से होने वाले कामों पर ध्यान दें। नए अल्पकालिक अनुबंध पर हस्ताक्षर न करें।


**मकर :** बजट से जुड़ी या टीम के साथ बातचीत में कन्फ्यूजन हो सकती है पर आपकी विशेषज्ञता आपको बचाए रखेगी। अपने प्रोसेस को अच्छे से लिख कर बनाएं।



**कुम्भ :** आज ईमेल और मीटिंग्स की भरमार रहेगी पर नतीजों पर ही फोकस करें। नए पर्सनल ब्रांड लॉन्च करने के बाद पुराने बजट को मैनेज करें। वित्तीय मामलों में अत्यधिक अनुशासन की जरूरत है।


**मीन :** सामाजिक काम में आपको लीड लेनी होगी पर बैक-एंड लॉजिस्टिक्स संभालने में थोड़ी कन्फ्यूजन रहेगी। मीटिंग लीड करें पर प्राइवेट बातों को लीक होने से बचाएं।

# नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री


अशोक प्रवृद्ध

वासन्तीय व शारदीय नवरात्रियों में भगवती दुर्गा के नौ स्वरूपों के पूजन का विधान है। माता दुर्गा के नौ स्वरूपों को नवदुर्गा कहा जाता है, और इनकी पूजार्चना नवरात्रि काल में की जाती है। नवरात्रि के पहले दिन नवदुर्गाओं में प्रथम स्वरूप माता शैलपुत्री की पूजा की जाती है। पौराणिक मान्यतानुसार पर्वतराज हिमालय की पुत्री होने के कारण इन्हें शैलपुत्री कहा जाता है। दाहिने हाथ में त्रिशूल और बाएं हाथ में कमल पुष्प धारिणी वृषारूढ़ा भगवती शैलपुत्री शक्ति, स्थिरता, शांति और नई शुरुआत का प्रतीक मानी जाती हैं। माता शैलपुत्री का रूप अत्यंत सौम्य और प्रभावशाली है, जिसके गहरे आध्यात्मिक अर्थ हैं। वे बैल पर सवार हैं, जो धर्म और अनुशासन का प्रतीक है। यह दर्शाता है कि शक्ति को नियंत्रित और मर्यादित होना चाहिए। दाहिने हाथ का त्रिशूल तीन गुणों -सत्व, रज, तम और तीन तापों -दैविक, दैहिक, भौतिक पर नियंत्रण का प्रतीक है। बाएं हाथ का कमल कीचड़ में खिलने वाला कमल विकारों के बीच भी पवित्रता और शांति बनाए रखने का संदेश देता है। उन्हें चमेली का फूल अत्यंत प्रिय है। वासन्तीय व शारदीय नवरात्रि में क्रमशः चैत्र व आश्विन माह के शुक्ल पक्ष की प्रतिपदा के दिन कलश स्थापना के बाद माता शैलपुत्री के विशेष पूजन का विधान है। इनका प्रार्थना मंत्र है- वन्दे वाञ्छितलाभाय चन्द्रार्धकृतशेखराम्।वृषारूढां शूलधरां शैलपुत्रीं यशस्विनीम्।। मान्यता है कि नवरात्रि के पहले दिन सफ़ेद कपड़े में चावल और मिश्री बांधकर ॐ देवी शैलपुत्र्यै नमः का जाप करने से घर में सुख और सकारात्मक ऊर्जा बढ़ती है। माता शैलपुत्री का स्वरूप केवल एक देवी का चित्रण नहीं है, बल्कि यह अडिग संकल्प, धैर्य और आध्यात्मिक आरोहण का प्रतीक है। नवरात्रि के प्रथम दिन इनकी आराधना से साधक अपनी आध्यात्मिक यात्रा का प्रारंभ मूलाधार चक्र से करता है। माता शैलपुत्री के अस्तित्व की जड़ें उनके पूर्व जन्म में समाहित हैं। इससे संबंधित पौराणिक कथा उनके पूर्व जन्म और पुनर्जन्म के संकल्प की अद्भुत गाथा है। शिव पुराण और श्रीमद्देवी भागवत पुराण में अंकित कथा के अनुसार अपने पूर्व जन्म में वे राजा दक्ष की पुत्री सती थीं। उनका विवाह भगवान शिव से हुआ था। एक बार राजा दक्ष ने एक विशाल बृहस्पति सर्व यज्ञ का आयोजन किया, जिसमें उन्होंने सभी देवी-देवताओं को आमंत्रित किया, लेकिन अपने ही दामाद भगवान शिव और पुत्री सती को निमंत्रण नहीं भेजा। देवी सती ने जब सुना कि उनके पिता के यहां एक भव्य यज्ञायोजन होने जा रहा है, तो वे बिना निमंत्रण के ही वहां जाने को आतुर हो गईं। भगवान शिव ने उन्हें समझाया कि बिना बुलाए जाना उचित नहीं है, लेकिन सती के बारम्बार आग्रह पर उन्होंने अनुमति दे दी। जब सती यज्ञशाला पहुंची, तो केवल उनकी माता ने उन्हें स्नेह दिया। पिता दक्ष ने सबके सामने भगवान शिव का घोर अपमान किया और अपशब्द कहे। अपने पति का यह अपमान सती सहन न कर सकीं। उन्हें आत्मग्लानि हुई कि उन्होंने महादेव की बात न मानकर भूल की। उसी क्षण उन्होंने अपनी योग शक्ति से योगाग्नि प्रकट की और अपने शरीर को भस्म कर दिया। सती ने देह त्यागते समय यह संकल्प लिया था कि वे अगले जन्म में भी भगवान शिव की ही अर्द्धांगिनी बनेंगी। तदनुसार उन्होंने पर्वतराज हिमालय (शैलराज) और माता मैना के घर पुत्री के रूप में जन्म लिया। पर्वत (शैल) की पुत्री होने के कारण उनका नाम शैलपुत्री पड़ा। शैलपुत्री के रूप में जन्म लेने के बाद उन्होंने भगवान शिव को पुनः पति के रूप में प्राप्त करने के लिए घोर तपस्या की। उनकी भक्ति और अडिग संकल्प को देखकर महादेव प्रसन्न हुए और उन्होंने शैलपुत्री को अपनी पत्नी के रूप में स्वीकार किया। इस प्रकार माता शैलपुत्री का यह स्वरूप धैर्य, अटूट विश्वास और संकल्प शक्ति का प्रतीक बन गया।



हिमालय की पुत्री होने के कारण वे पार्वती, हैमवती और शैलपुत्री कहलाईं। पौराणिक संदर्भों में हिमालय को स्थितप्रज्ञ और अटल माना गया है, और माता शैलपुत्री उन्हीं गुणों को आत्मसात करती हैं। यह कथा हमें सिखाती है कि यदि हमारा संकल्प पर्वत की तरह अडिग हो, तो हम कठिन से कठिन लक्ष्य, ईश्वर की प्राप्ति भी पा सकते हैं। शैलपुत्री का स्वरूप वह आधार है, जहां से एक साधक की आध्यात्मिक यात्रा अर्थात शक्ति का जागरण शुरू होती है।योग मार्ग में माता शैलपुत्री का संबंध मूलाधार चक्र से है, जो हमारे शरीर का आधार और ऊर्जा का केंद्र है। यह चक्र रीढ़ की हड्डी के सबसे निचले हिस्से में स्थित होता है और मानव चेतना का आधार है। योग साधना में इनका ध्यान करने से मूलाधार चक्र जागृत होने में सहायता मिलती है। इस चक्र को जाग्रत करने का अर्थ है- जीवन में स्थिरता, निडरता और आत्मविश्वास प्राप्त करना। इस साधना से मानसिक स्थिरता प्राप्त होती है। मन का भटकना कम होता है और एकाग्रता बढ़ती है। भय से मुक्ति, मृत्यु, असुरक्षा या भविष्य की चिंता का नाश होता है। पाचन तंत्र और हड्डियों की मजबूती में सहायक माना जाता है। कुण्डलिनी जागरण सात चक्रों की यात्रा का पहला और सबसे महत्वपूर्ण कदम है। जैसे हिमालय पृथ्वी का आधार है, वैसे ही शैलपुत्री की पूजा साधक के भीतर आत्म-साक्षात्कार की नींव रखती है। पर्वत के समान अडिग मन प्राप्त करने के लिए उनकी स्तुति की जाती है। केन उपनिषद के एक प्रसंग में देवताओं के अहंकार को नष्ट करने के लिए यक्ष प्रकट होते हैं। जब इंद्र उस परम शक्ति अर्थात ब्रह्म को नहीं पहचान पाते, तब स्वर्णमयी आभा वाली देवी हैमवती (शैलपुत्री) प्रकट होती हैं और उन्हें बताती हैं कि यह शक्ति और विजय स्वयं उनकी नहीं, बल्कि उस परम ब्रह्म की है। यह सिद्ध करता है कि शैलपुत्री ही ब्रह्मज्ञान की प्रदात्री हैं। मान्यताओं के अनुसार निष्काम भाव से माता शैलपुत्री की शरण में जाने वाले भक्त को चंद्र दोष से मुक्ति मिलती है,क्योंकि माता के मस्तक पर अर्द्धचंद्र सुशोभित है। दांपत्य जीवन में स्थिरता और सौभाग्य की प्राप्ति होती है। साधक के भीतर इच्छा शक्ति प्रबल होती है। इससे संबंधित पौराणिक कथा के अनुसार जब चंद्रमा को दक्ष प्रजापति के श्राप से क्षय रोग हो गया था, तब उन्होंने भगवान शिव की शरण ली। शिव ने चंद्रमा को अपने मस्तक पर धारण किया। चूंकि शैलपुत्री शिव की शक्ति हैं, इसलिए उन्होंने भी चंद्रमा को अपने मस्तक पर स्थान दिया ताकि वे संसार को शीतलता और मानसिक शांति प्रदान कर सकें। इसीलिए चंद्र दोष से पीड़ित व्यक्ति के माता शैलपुत्री की आराधना करने से उसका मन स्थिर और शांत हो जाता है।

दुर्गा सप्तशती के अनुसार नवरात्रि के पहले दिन पूजी जाने वाली माता शैलपुत्री का संबंध औषधि जगत में हरड़ से माना गया है। आयुर्वेद में हरड़ को प्राणदा अर्थात जीवन देने वाली और विजया अर्थात रोगों पर विजय पाने वाली भी कहा जाता है। जिस प्रकार माता शैलपुत्री हिमालय की पुत्री हैं, उसी प्रकार उत्तम श्रेणी की हरड़ भी मुख्य रूप से हिमालय पर्वत क्षेत्रों में पाई जाती है। आयुर्वेद में हरड़ को मां के समान माना गया है। मान्यतानुसार जिस प्रकार माता अपने बच्चों का ध्यान रखती है, उसी प्रकार हरड़ शरीर के समस्त दोषों को दूर कर सुरक्षा प्रदान करती है। हरड़ के सात मुख्य प्रकार बताए गए हैं, जो देवी के विभिन्न पहलुओं से मेल खाते हैं- विजया- भय और रोगों पर विजय दिलाने वाली, रोहिणी- घावों को भरने वाली, पूतना- शोधन करने वाली, अमृता- आयु बढ़ाने वाली, अभया- डर को दूर करने वाली, जीवंती- जीवन शक्ति देने वाली आरचेतकी- मानसिक स्पष्टता देने वाली। माता शैलपुत्री का वास मूलाधार चक्र में माना गया है, जो पृथ्वी तत्व से जुड़ा है। हरड़ भी शरीर के आधारभूत तंत्र (पाचन और निष्कासन) को मजबूत करती है। यह त्रिदोष नाशक अर्थात वात, पित्त और कफ तीनों दोषों को संतुलित करती है, जो पूर्ण स्वास्थ्य के लिए अनिवार्य है। माता शैलपुत्री का संबंध चंद्रमा से है। चंद्रमा मन और शरीर के तरल पदार्थों का कारक है। हरड़ शरीर की शुद्धि कर मन को शांत रखने में सहायक होती है, जिससे चंद्रमा के शुभ फल प्राप्त होते हैं। शैल अर्थात पर्वत के अडिग रहने की भांति ही यह औषधि शरीर की प्रतिरोधक क्षमता को चट्टान की तरह मजबूत बनाती है। नवरात्रि के पहले दिन माता को गाय का शुद्ध घी अर्पित किया जाता है। आयुर्वेद में हरड़ को घी के साथ लेना पित्त रोगों के लिए रामबाण माना गया है। वाराणसी (काशी) में जलालपुरा (मड़वाडिया) क्षेत्र स्थित माता शैलपुत्री का प्राचीन मंदिर नवदुर्गा के पहले स्वरूप का सबसे जागृत स्थान माना जाता है। पौराणिक मान्यताओं के अनुसार काशी शिव की नगरी है और यहां नवदुर्गा के नौ स्वरूपों के नौ अलग-अलग प्राचीन मंदिर हैं। मान्यता है कि माता शैलपुत्री जब हिमालय से शिव से मिलने काशी आईं, तो वे इसी स्थान पर रुकी थीं। यहीं पर उन्होंने शिव को पाने के लिए कठोर तपस्या की थी। इस मंदिर की सबसे बड़ी विशेषता यह है कि यहां माता की प्रतिमा पत्थर की (शैल) है, जो अत्यंत प्राचीन और सौम्य है। भक्त यहां माता को चमेली का तेल और सिंदूर अर्पित करते हैं। वाराणसी के इस मंदिर में दर्शन करने से भक्तों को आरोग्य और ऐश्वर्य का आशीर्वाद मिलता है। -लेखक, अध्यात्मिक चिन्तक व साहित्यकार

# नई ऊर्जा चुनौतियां एवं उम्मीदें लेकर आया है नव संवत्सर 2083


डॉ घनश्याम बादल

भले ही आज दुनिया ईस्वी सन के हिसाब से चल रही है और हम 2026 में रह रहे हैं लेकिन आज भी दुनिया भर में हिंदू नव वर्ष संवत्सर की महत्ता अलग ही है।

भारतीय कालगणना की परंपरा में नव संवत्सर का विशेष महत्व है। चैत्र शुक्ल प्रतिपदा से प्रारंभ होने वाला यह नववर्ष केवल तिथि परिवर्तन नहीं, बल्कि प्रकृति, समाज और चेतना के नवोदय का प्रतीक है।

**आज से हो रहा शुरू**

इस वर्ष 19 मार्च से विक्रम संवत 2083 का आरंभ हो रहा है, जो अपने साथ नई ऊर्जा, चुनौतियाँ और संभावनाएँ लेकर आया है। यह संवत्सर न केवल धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि ज्योतिषीय मान्यताओं के अनुसार इसके अपने विशेष संकेत और प्रभाव भी होते हैं।

**नाम, राजा और मंत्री**

भारतीय पंचांग के अनुसार प्रत्येक नव संवत्सर का एक नाम, राजा, मंत्री और अन्य पद निर्धारित होते हैं, जो पूरे वर्ष की दिशा और दशा का संकेत देते हैं। इस वर्ष का संवत्सर नाम नल माना जा रहा है। नल संवत्सर को पारंपरिक रूप से संतुलन, संघर्ष और पुनर्निर्माण का वर्ष माना जाता है। यह वर्ष ऐसे समय का संकेत देता है जब व्यक्ति और समाज दोनों को अपनी कमजोरियों से जूझते हुए नए मार्ग तलाशने पड़ते हैं।

ज्योतिषीय गणनाओं के अनुसार इस वर्ष के राजा सूर्य माने गए हैं, जबकि मंत्री शनि हैं। राजा सूर्य का होना शासन, सत्ता, प्रशासन और नेतृत्व में कठोरता, स्पष्टता और निर्णायकता का संकेत देता है। वहीं मंत्री के रूप में शनि का होना इस बात का संकेत है कि निर्णयों में गंभीरता, न्यायप्रियता और कभी-कभी विलंब भी देखने को मिल सकता है। सूर्य और शनि का यह संयोजन विरोधाभासी होने के बावजूद एक प्रकार का संतुलन भी उत्पन्न करता है - जहां एक ओर तेज और शक्ति है, वहीं दूसरी ओर अनुशासन और कर्मफल का सिद्धांत भी प्रभावी रहेगा।

**क्या करेगा यह वर्ष**

इस नव संवत्सर के प्रमुख लक्षणों पर दृष्टि डालें तो यह वर्ष कई स्तरों पर परिवर्तनकारी दिखाई देता है। आर्थिक दृष्टि से यह वर्ष उतार-चढ़ाव भरा रह सकता है। जहां एक ओर कुछ क्षेत्रों में तीव्र विकास होगा, वहीं दूसरी ओर महंगाई और संसाधनों की असमानता जैसी समस्याएं भी उभर सकती हैं। कृषि क्षेत्र के लिए यह वर्ष सामान्य से बेहतर माना जा रहा है, हालांकि मौसम की अनिश्चितता किसानों के लिए चुनौती बनी रह सकती है।

**क्या हैं राजनीतिक एवं सामाजिक प्रभाव**

राजनीतिक दृष्टि से यह वर्ष निर्णायक और सक्रिय रहने वाला है। सूर्य के प्रभाव के कारण सत्ता पक्ष अधिक सशक्त और आक्रामक दिखाई देगा, जबकि शनि के प्रभाव से विपक्ष भी अपनी भूमिका मजबूती से निभाने का प्रयास करेगा। इससे लोकतांत्रिक विमर्श में तीखापन बढ़ सकता है, लेकिन अंततः यह संतुलन की दिशा में ही जाएगा।

सामाजिक स्तर पर यह वर्ष जागरूकता और आत्ममंथन का संकेत देता है। समाज में नैतिक मूल्यों, पारिवारिक संरचना और सांस्कृतिक पहचान को लेकर चर्चा बढ़ेगी। लोग अपनी जड़ों की ओर लौटने और परंपराओं को पुनः स्थापित करने का प्रयास करेंगे। साथ ही, युवा वर्ग में नई सोच और नवाचार की प्रवृत्ति भी बढ़ेगी।

**क्या कहती है भविष्यवाणी**

यदि भविष्यवाणियों की बात करें तो इस वर्ष प्राकृतिक घटनाओं में कुछ असामान्यता देखने को मिल सकती है। कहीं अधिक वर्षा तो कहीं सूखे जैसी स्थितियां बन सकती हैं। भूकंप, तूफान या अन्य प्राकृतिक आपदाओं की संभावना को भी पूरी तरह नकारा नहीं जा सकता। यह संकेत देता है कि मानव को प्रकृति के साथ संतुलन बनाकर चलने की आवश्यकता है।

**कैसा रहेगा भारत और विश्व के लिए**

भारत के संदर्भ में यह वर्ष मिश्रित परिणाम देने वाला माना जा रहा है। आर्थिक सुधारों की दिशा में कुछ ठोस कदम उठाए जा सकते हैं, जिससे दीर्घकालीन लाभ मिलेगा। तकनीकी और वैज्ञानिक क्षेत्रों में भारत की स्थिति और मजबूत हो सकती है। अंतरराष्ट्रीय मंचों पर भारत की भूमिका और प्रभाव बढ़ने के संकेत हैं, लेकिन साथ ही पड़ोसी देशों के साथ संबंधों में कुछ तनाव भी उत्पन्न हो सकता है।

विश्व स्तर पर यह वर्ष अस्थिरता और पुनर्संतुलन का प्रतीक हो सकता है। वैश्विक राजनीति में नए समीकरण बन सकते हैं। कुछ देशों के बीच तनाव बढ़ सकता है, वहीं कुछ नए गठबंधन भी उभर सकते हैं। आर्थिक मंदी और महंगाई जैसी समस्याएं कई देशों को प्रभावित कर सकती हैं। तकनीकी क्षेत्र में तेजी से हो रहे बदलाव भी सामाजिक और आर्थिक संरचनाओं को प्रभावित करेंगे।

**2083 का संदेश**

इस नव संवत्सर का एक महत्वपूर्ण संदेश यह भी है कि व्यक्ति को अपने कर्मों के प्रति सजग रहना होगा। शनि के प्रभाव के कारण कर्मफल का सिद्धांत और अधिक स्पष्ट रूप से सामने आएगा। जो लोग परिश्रम, ईमानदारी और धैर्य के साथ कार्य करेंगे, उन्हें सफलता अवश्य मिलेगी, जबकि लापरवाही और अनैतिकता के परिणाम भी तुरंत देखने को मिल सकते हैं।

अंततः, नव संवत्सर 2083 केवल भविष्यवाणियों का विषय नहीं, बल्कि आत्मचिंतन और संकल्प का अवसर भी है। यह समय है जब हम अपने व्यक्तिगत और सामाजिक जीवन में सकारात्मक परिवर्तन लाने का प्रयास करें। प्रकृति के साथ सामंजस्य, समाज के प्रति उत्तरदायित्व और अपने कर्तव्यों के प्रति निष्ठा-यही इस वर्ष की सफलता की कुंजी होगी।

नव संवत्सर हमें यह संदेश देता है कि हर अंत एक नई शुरुआत का संकेत है। चुनौतियों के बीच अवसर छिपे होते हैं और संघर्ष ही सफलता का मार्ग प्रशस्त करता है। यदि हम इस वर्ष को सकारात्मक दृष्टिकोण और दृढ़ संकल्प के साथ अपनाएं, तो यह संवत्सर हमारे लिए नई ऊंचाइयों और उपलब्धियों का द्वार खोल सकता है।

तो भारतीयों के लिए गौरव का विषय रहने वाला नव संवत्सर अपने आगोश में बहुत सारी ऊर्जा, ढेरों चुनौतियां, अनंत उम्मीदें, संभावनाओं की पोटली और चेतावनी के साथ-साथ उज्वल भविष्य की आशा भरी नई किरणें लेकर आ रहा है । इस वर्ष नवरात्र में देवी मां भी पालकी में आएंगी इसलिए शुभ ही शुभ होगा। आइए स्वागत करें नए समाचार 2083 का।

## वर्ग पहेली नं. 3383



*ऊपर से नीचे:-* 1) पूर्णतया, 2) कार्ल मार्क्स का सिद्धांत, 3) खाली, 4) खुले में, 5) थमाना, 7) बड़ा, 9) कृष्ण, 12) ताकतवर; दृढ़, 14) पिटाई; सुधार, 16) समावेश, 17) प्रतिबंध, 20) प्रार्थना, 22) दुर्जन, 23) भेजा, 24) बददुआ, 25) घाटा. *(उत्तर: अगले अंक में)*

*बायें से दायें:-* 1) ऊपरी *(दृष्टि)*, 4) पूर्वज, 6) नाना, 8) शीर्षक *(लेख का)*; प्रसिद्धि, 10) संघटित संस्था, 11) पराजय, 13) विष्णु का एक अवतार, 15) नमक मिला हुआ, 16) बीच में; भीतर, 18) कृषि-भूमि, 19) वानर, 21) प्रारब्ध, 23) मन; हृदय, 24) पशु का शिशु, 26) अंत; मृत्यु 27) मूँदना *(आखें)*, 28) परवाह; गहरा दुःख; शोक.

*पिछली पहेली का उत्तर*



## सुडोकू-पहेली-3341

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | 6 | | | | | | | |
| 7 | | | | | 9 | | | 3 |
| | 5 | 2 | | | | | 8 | 7 |
| 5 | 3 | | | 4 | | | | 9 |
| | | | 9 | 8 | | | 7 | |
| | | | | 5 | 1 | 6 | | |
| | | | | 1 | | 2 | | |
| | | 6 | | 7 | 8 | | | |
| 4 | | | | | | | | |

**प्रत्येक पंक्ति में 1 से 9 तक के अंक भरना आवश्यक है। इनका क्रमवार होना आवश्यक नहीं है।**

**••••**

**आड़ी और खड़ी में एवं 3-3 के वर्ग में किसी भी अंक की पुनरावृत्ति न हो इसका ध्यान जरूर रखें।**

**सूडोकू पहेली - 3340 का उत्तर**

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | 2 | 4 | 8 | 9 | 3 | 1 | 6 | 7 |
| 7 | 3 | 9 | 1 | 6 | 5 | 4 | 2 | 8 |
| 6 | 1 | 8 | 4 | 7 | 2 | 3 | 9 | 5 |
| 8 | 6 | 3 | 9 | 5 | 1 | 2 | 7 | 4 |
| 2 | 5 | 1 | 6 | 4 | 7 | 9 | 8 | 3 |
| 9 | 4 | 7 | 3 | 2 | 8 | 5 | 1 | 6 |
| 1 | 8 | 2 | 7 | 3 | 4 | 6 | 5 | 9 |
| 3 | 9 | 5 | 2 | 8 | 6 | 7 | 4 | 1 |
| 4 | 7 | 6 | 5 | 1 | 9 | 8 | 3 | 2 |

# चुनाव की घोषणा के बाद बीरभूम में भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**बीरभूम :** जिले में पुलिस ने भारी मात्रा में विस्फोटक पदार्थ बरामद किया। पुलिस ने बुधवार को यह जानकारी दी। मंगलवार की रात को ग्रामीणों ने विस्फोटकों से लदे एक ट्रैक्टर को तस्करी के दौरान रोक लिया। उन्होंने ट्रैक्टर को पुलिस के हवाले कर दिया। ग्रामीणों से मिली सूचना के आधार पर पुलिस ने ट्रैक्टर और उसमें लदे विस्फोटकों को जब्त कर लिया। यह घटना बीरभूम के नलहाटी थाना के अंतर्गत आने वाले कदासिर गांव में हुई। पुलिस ने बताया



कि जब्त किए गए विस्फोटकों में 10,000 जिलेटिन स्टिक और 360 डेटोनेटर शामिल हैं। हालांकि, इस मामले में पुलिस अभी तक किसी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है। स्थानीय निवासियों ने बताया कि मंगलवार की रात कदासिर गांव की सड़कों से विस्फोटकों से लदा एक ट्रैक्टर गुजर रहा था। उसी समय ग्रामीणों ने वाहन को रोका। खतरा भांपते हुए ट्रैक्टर का चालक मौके से फरार हो गया। बाद में, ग्रामीणों को पता चला कि ट्रैक्टर विस्फोटकों से भरा हुआ था। इससे इलाके में अफरा-तफरी मच गई। ग्रामीणों ने तुरंत पुलिस को सूचना दी। सूचना मिलते ही नलहाटी थाने के अधिकारी मौके पर पहुंचे और विस्फोटकों के साथ-साथ ट्रैक्टर को भी जब्त कर लिया। अब यह सवाल उठ रहा है कि विस्फोटक कौन ले जा रहा था, किस उद्देश्य से, और कहां ले जा रहा था। पुलिस फिलहाल मामले की जांच कर रही है। विधानसभा चुनाव से ठीक पहले बीरभूम में विस्फोटक सामग्री की ढुलाई की घटना ने इलाके में सनसनी मचा दी है।

### एसआईआर मामले में सुनवाई से हाई कोर्ट का इंकार,

## मुर्शिदाबाद के दो सीपीएम प्रत्याशियों को सुप्रीम कोर्ट जाने की सलाह

**कोलकाता :** मुर्शिदाबाद जिले के दो सीपीएम प्रत्याशी एसआईआर प्रक्रिया से जुड़े मामले को लेकर कलकत्ता हाई कोर्ट पहुंचे, लेकिन अदालत ने उनकी याचिका पर सुनवाई से इंकार कर दिया। मुख्य न्यायाधीश की खंडपीठ ने स्पष्ट किया कि एसआईआर से संबंधित सभी मामले पहले से ही सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन हैं।



जानकारी के अनुसार, सीपीएम की ओर से इक़बाल हक और जामिनुर मोल्ला को उम्मीदवार घोषित किया गया है। उनके वकील शुभंकर नाग ने अदालत का ध्यान आकर्षित करते हुए कहा कि दोनों प्रत्याशियों के नाम एसआईआर प्रक्रिया में लंबित हैं, ऐसे में अदालत तत्काल हस्तक्षेप कर इस मामले के निपटारे के लिए निर्देश दे।

हालांकि खंडपीठ ने इस दलील को स्वीकार नहीं किया। मुख्य न्यायाधीश ने स्पष्ट कहा कि जब संबंधित मामला सुप्रीम कोर्ट में विचाराधीन है, तब हाई कोर्ट इस पर सुनवाई नहीं कर सकता।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं के वकील को सलाह दी कि यदि आवश्यक हो तो वे इस मामले में सुप्रीम कोर्ट का रुख करें।

इस फैसले के बाद दोनों प्रत्याशियों के लिए कानूनी रास्ता अब सुप्रीम कोर्ट तक ही सीमित रह गया है, जिससे मामले ने नया मोड़ ले लिया है।

## मेरा मुकाबला खुद से है : इंद्रनील सेन

**हुगली, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने चंदननगर विधानसभा सीट से एक बार फिर इंद्रनील सेन पर भरोसा जताते हुए उन्हें लगातार तीसरी बार उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार घोषित होने के बाद उन्होंने बुधवार को कहा कि उनका मुकाबला किसी विरोधी से नहीं, बल्कि खुद से है। इस दिन, चंदननगर के कलुपुखुरधार इलाके में पार्टी कार्यकर्ताओं के साथ बैठक की और बाद में प्रेस कॉन्फ्रेंस को संबोधित करते हुए इंद्रनील सेन ने कहा कि चंदननगर में व्यापक विकास कार्य हुए हैं, लेकिन यदि किसी को लगता है कि कुछ काम बाकी है तो वह सूची भेजे, उन कार्यों को पूरा किया जाएगा। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में होने वाले विकास कार्यों की जानकारी भी सार्वजनिक रूप से दी जाएगी। इंद्रनील सेन ने दावा किया कि आगामी चुनाव के बाद ममता बनर्जी चौथी बार राज्य की मुख्यमंत्री बनेंगी।

## मां गवरजा के बनोला में सजी भक्ति और उल्लास की रंगीन महफिल

**कोलकाता (हावड़ा) :** नापासर निवासी किसन मुंधड़ा द्वारा मां गवरजा व ईसर की जोड़ी बीकानेर से मंगवाकर पहला बड़ा बनोला आयोजित किया गया। इस अवसर पर सभी बहन, बेटियों और बहुओं को बनोला में आमंत्रित करने के लिए कार्यक्रम सुखी संसार अपार्टमेंट के हॉल में रखा गया। कार्यक्रम में उपस्थित सभी बहन, बेटियों और बहुओं ने गीतों और धूमर के माध्यम से उत्साहपूर्वक भाग लिया। खुशबू, पिंकी, कोमल तथा तीनों बहुओं बबीता, मनीषा और रश्मी ने, साथ ही बच्चियों ने भी नृत्य प्रस्तुत कर सभी का मन मोह लिया और गवरजा के बनोला में चार चांद लगा दिए। इस दौरान शिव और महेंद्र ने मंच पर सभी को आमंत्रित कर मां गवरजा को रिझाते हुए गीत प्रस्तुत किए,



जिससे उपस्थित जन मंत्रमुग्ध हो गए। बिमला देवी द्वारा सभी गणगौरों की खोल भराई की रस्म अदा की गई। वहीं, पंकज ने आए हुए सभी मेहमानों का स्वागत करते हुए उन्हें मां गवरजा का प्रसाद ग्रहण करने और कार्यक्रम का आनंद लेने का आग्रह किया।

## हुमायूं कबीर की पार्टी 182 सीटों पर लड़ेगी चुनाव, ममता के खिलाफ पूनम बेगम उम्मीदवार

### कबीर मुर्शिदाबाद की रेजिनगर, नोउदा सीटों से लड़ेंगे चुनाव

**मुर्शिदाबाद :** तृणमूल कांग्रेस के पूर्व नेता हुमायूं कबीर ने अपनी नवगठित आम जनता उन्नयन पार्टी के 15 उम्मीदवारों की पहली सूची की बुधवार को घोषणा की। कबीर ने बताया कि पार्टी विधानसभा चुनाव में 182 सीट पर चुनाव लड़ेगी और भवानीपुर निर्वाचन क्षेत्र से मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के खिलाफ एक मुस्लिम उम्मीदवार को मैदान में उतारेगी। इस दिन, कबीर ने एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि हम 182 सीट पर उम्मीदवार उतार रहे हैं। आज हम मालदह और मुर्शिदाबाद के उम्मीदवारों की घोषणा कर रहे हैं। पूरी सूची रविवार को दोपहर करीब 1 बजे घोषित की जाएगी। कबीर ने यह भी संकेत दिया कि ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिममीन (एआईएमआईएम) उनकी पार्टी के साथ समन्वय में कुछ सीट पर चुनाव लड़ सकती है।

कबीर ने घोषणा की है कि उनकी पार्टी दक्षिण कोलकाता की भवानीपुर सीट पर ममता के खिलाफ गैर-बंगाली मुस्लिम उम्मीदवार पूनम बेगम को मैदान में उतारेगी। कबीर स्वयं मुर्शिदाबाद जिले की दो सीट रेजिनगर और नोउदा से चुनाव लड़ेंगे, जो उनके पुराने राजनीतिक आधार भरतपुर से अलग है, जहां से उन्होंने पिछले चुनाव में तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार के रूप में जीत हासिल की थी। पार्टी द्वारा घोषित उम्मीदवारों में पूर्व बर्धमान के पूर्वस्थली उत्तर से बपन घोष, कोलकाता के मेयर फिरहाद हकीम के पूर्व दामाद यासीन हैदर कांदी से और बेलडांगा से सैयद अहमद कबीर शामिल हैं। मालदह जिले में, पार्टी ने रतुआ से रायल इस्लाम, मालतीपुर से अब्दुल मिनाज शेख, बैष्णबनगर से मुस्कुरा बीबी, मानिकचक से अबू शैद और सुजापुर से नसीमुल हक को मैदान में उतारा है। अन्य प्रत्याशियों में भरतपुर से सैयद खुबैब अमीन, बेहाला पूर्व से अनुपम रोहदागीर, फरक्का से इम्तियाज मोल्ला और हरिहरपारा से बिजय शेख शामिल हैं।

## तृणमूल-भाजपा के खिलाफ 'बड़े वाम एकता' पर भरोसा

### 10 सीटों पर सीपीआई(एमएल) लिबरेशन ने उतारे उम्मीदवार

**कोलकाता :** आगामी विधानसभा चुनाव को लेकर राजनीतिक सरगर्मी तेज हो गई है। तृणमूल कांग्रेस और भारतीय जनता पार्टी के खिलाफ मुकाबले में 'बड़े वाम एकता' पर भरोसा जताते हुए सीपीआई(एमएल) लिबरेशन ने 10 सीटों पर अपने उम्मीदवारों की घोषणा की है।

मंगलवार रात पार्टी ने जिन 10 विधानसभा क्षेत्रों के लिए उम्मीदवारों के नाम घोषित किए, उनमें 6 महिलाएं शामिल हैं। पार्टी की ओर से बताया गया कि दार्जिलिंग जिले के फांसीदेवा से सुमंती एक्का को उम्मीदवार बनाया गया है।

मुर्शिदाबाद जिले के भरतपुर सीट से, जो कि तृणमूल से निलंबित विधायक हुमायूं कबीर का क्षेत्र माना जाता है, वहां से जिन्नातुन नाहार गुलशन बेगम को मैदान में उतारा गया है। इसी जिले के बहारामपुर से अबुल कासेम शेख को उम्मीदवार बनाया गया है।

नदिया जिले के कृष्णनगर दक्षिण से लाबनी जंगी, नैहाटी से देवज्योति मजूमदार, बजबज से काजल दत्ता और रसबिहारी से मानस घोष को उम्मीदवार बनाया गया है।

इसके अलावा धनेखाली से रूमा आहेरि, विष्णुपुर से तितास गुप्ता और पूर्वस्थली दक्षिण से जियादुल शेख को पार्टी ने मैदान में उतारा है।

पार्टी नेतृत्व का कहना है कि वामपंथी ताकतों की व्यापक एकजुटता के जरिए राज्य में तृणमूल और भाजपा दोनों को कड़ी चुनौती दी जाएगी।

## पावरहाइव ने 'वी-ऑन' लिथियम-आयन बैटरी रेंज लॉन्च की

### ई-मोबिलिटी और होम बैंकअप को मिलेगा नया विकल्प

**कोलकाता, समाज्ञा**

विक्रम सोलर लिमिटेड की बैटरी एवं ऊर्जा भंडारण इकाई पावरहाइव ने 'वी-ऑन' नाम से नई लिथियम-आयन बैटरी रेंज बाजार में लॉन्च की है। इसके साथ कंपनी ने ई-मोबिलिटी, इन्वर्टर और घरेलू बैकअप समाधान के क्षेत्र में कदम रखा है। 'वी-ऑन' बैटरियां उच्च प्रदर्शन, सुरक्षा और लंबी आयु को ध्यान में रखकर विकसित की गई हैं। शुरुआती पोर्टफोलियो में इन्वर्टर बैटरियां, इंटीग्रेटेड इन्वर्टर-बैटरी समाधान और ई-रिक्शा बैटरियां शामिल हैं।

ये बैटरियां 1.2केडबल्यूएच से 15 केडबल्यूएच तक की क्षमता में उपलब्ध हैं और 3 से 12 घंटे तक का बैकअप देने में सक्षम हैं। कंपनी ने 'इंटीग्रेटेड पावरस्टैक 1.0' भी पेश किया है, जो इन्वर्टर और बैटरी का ऑल-इन-वन समाधान है।

वहीं, ई-रिक्शा के लिए 5 केडबल्यूएच की उन्नत बैटरी भी लॉन्च की गई है।

कंपनी के अनुसार, यह पहल स्वच्छ ऊर्जा और बैटरी स्टोरेज के क्षेत्र में विस्तार की रणनीति का हिस्सा है।

## फर्जी सीबीआई बनकर 3.01 करोड़ की ठगी, कोलकाता में छिपा सिम बॉक्स रैकेट बेनकाब

**कोलकाता :** साइबर पुलिस थाना कोलकाता की बड़ी कार्रवाई में फर्जी सीबीआई अधिकारी बनकर करोड़ों रुपये की ठगी करने वाले गिरोह का भंडाफोड़ हुआ है। मामले में एक आरोपी को गिरफ्तार किया गया है, जबकि मौके से भारी मात्रा में सिम बॉक्स और अन्य उपकरण बरामद किए गए हैं।

पुलिस सूत्रों के अनुसार, यह मामला साइबर थाना कोलकाता के केस संख्या 56/2025 दिनांक 18 अक्टूबर 2025 से जुड़ा है। शिकायतकर्ता विधान घोष दस्तिदार को आरोपियों ने ब्लू डार्ट कूरियर के अधिकारी बनकर संपर्क किया था। आरोपियों ने झूठा आरोप लगाया कि उनके नाम पर भेजे गए पार्सल में अवैध सामग्री है और इसकी जांच





केंद्रीय एजेंसियां कर रही हैं।

इसके बाद एक आरोपी ने खुद को सीबीआई अधिकारी बताकर वीडियो कॉल किया, नकली पहचान पत्र दिखाया और गिरफ्तारी की धमकी दी। शिकायतकर्ता और उनकी पत्नी को लगातार वीडियो निगरानी में रखा गया। बाद में अन्य आरोपी भी जुड़े और सीबीआई, आरबीआई, प्रवर्तन निदेशालय और देश के सर्वोच्च न्यायालय के नाम पर फर्जी दस्तावेज भेजे गए। भय और दबाव में आकर शिकायतकर्ता से कुल 3.01 करोड़ रुपये अलग-अलग खातों में ट्रांसफर कराए गए।

जांच के दौरान कॉलिंग नंबरों के विश्लेषण से उत्तर कोलकाता में बड़े पैमाने पर अवैध सिम बॉक्स सेटअप का पता चला। पहले की कार्रवाई में 12 सिम बॉक्स और लगभग 2000 सिम कार्ड जब्त कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया था।

आगे की साइबर फॉरेंसिक जांच में जब्त लैपटॉप से महत्वपूर्ण सुराग मिले। तकनीकी विश्लेषण में सामने आया कि एक विशेष नियंत्रण प्रणाली के जरिए अवैध सिम बॉक्स नेटवर्क संचालित किया जा रहा था, जिसमें इंटरनेट कॉलिंग, कॉलर पहचान छिपाने और ट्रैफिक नियंत्रण जैसी गतिविधियां शामिल थीं। जांच में यह भी पता चला कि इस नेटवर्क का उपयोग उत्तर 24 परगना के अशोकनगर निवासी मिली मंडल के ब्रॉडबैंड कनेक्शन से किया जा रहा था।

इसी आधार पर मंगलवार देर रात मिली मंडल के घर छापेमारी की गई। शुरुआती तलाशी में कुछ नहीं मिला, लेकिन वाई-फाई स्कैनिंग तकनीक के जरिए घर में छिपे नेटवर्क उपकरणों का पता लगाया गया। बाद में घर के भीतर गत्ते के डिब्बों, जूट बैग और कचरे के बीच बेहद चालाकी से छिपाकर रखे गए सिम बॉक्स बरामद किए गए।

मौके से 6 चालू सिम बॉक्स, 130 सक्रिय बीएसएनएल सिम कार्ड, 3 मोबाइल फोन, 4 राउटर और अन्य उपकरण जब्त किए गए।

इस मामले में मिली मंडल के प्रेमी अर्पण सिकदार (24) को 18 मार्च 2026 की तड़के 2:11 बजे गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की है।

पुलिस ने बताया कि आरोपी को आज अदालत में पेश कर पुलिस हिरासत की मांग की जाएगी। मामले की जांच जारी है और गिरोह के अन्य सदस्यों की तलाश की जा रही है।

## गौमाता की सेवा के साथ वैश्य समाज ने मनाया एकता दिवस, बढ़ाया एकजुटता का भाव

**कोलकाता, समाज्ञा :** वैश्य समाज की एकता, सेवा भावना और सामाजिक उत्तरदायित्व को सशक्त बनाने के उद्देश्य से वैश्य एकता दिवस का आयोजन प्रतिवर्ष महासम्मेलन के संस्थापक स्वर्गीय रामदास अग्रवाल की स्मृति में मनाया जाता है। इस वर्ष अंतरराष्ट्रीय वैश्य महासम्मेलन, पश्चिम बंगाल द्वारा गौसेवा के माध्यम से इसका पालन किया गया। इस अवसर पर समाज के गणमान्य लोगों और युवाओं ने बढ़-चढ़कर भाग लिया और गौमाता की सेवा कर मानवता एवं धर्म के प्रति अपनी आस्था प्रकट की। कार्यक्रम के तहत कल्याणी स्थित पूर्वांचल दयोदय गौसेवा फाउंडेशन परिसर में जाकर गौमाताओं को हरा चारा, गुड़, फल एवं अन्य आहार सामग्री वितरित की गई। उपस्थित सदस्यों ने गौसेवा को भारतीय संस्कृति की मूल भावना बताते हुए कहा कि गौमाता की सेवा न केवल धार्मिक दृष्टि से महत्वपूर्ण है, बल्कि यह समाज में



करुणा, सहानुभूति और एकता का संदेश भी देती है।

इस अवसर पर वक्ताओं ने वैश्य समाज की एकजुटता पर बल देते हुए कहा कि संगठित समाज ही सशक्त समाज होता है। उन्होंने सभी को आपसी सहयोग, समर्पण और सामाजिक कार्यों में सक्रिय भागीदारी का संकल्प लेने के लिए प्रेरित किया। अंत में सभी ने समाज की प्रगति, समृद्धि और एकता के लिए निरंतर कार्य करने का संकल्प लिया। उपस्थित लोगों में महासम्मेलन के राज्य अध्यक्ष सुशील चौधरी, सचिव प्रदीप लुहारीवाला के अतिरिक्त सतीश अग्रवाल, रामकिशोर लुहारीवाला, निकुंज सरावगी, अमर कुमार झांझरिया, राजेन्द्र प्रसाद सुरेका, डॉ नवेन्दु साहा, सोमनाथ घोष, प्रीतम हाजरा, तापस साहा, महेंद्र अग्रवाल आदि प्रमुख थे। कार्यक्रम का समापन अल्पाहार से हुआ। इस मौके पर बहुत से लोगों ने महासम्मेलन की सदस्यता ग्रहण की।

## पूर्व रेलवे ने सुरक्षा मजबूत कर राजस्व में वृद्धि के साथ नए कीर्तिमान स्थापित किए



**कोलकाता, समाज्ञा :** पूर्व रेलवे ने सुरक्षा और राजस्व के क्षेत्र में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल करते हुए नए मानक स्थापित किए हैं। हावड़ा-नई दिल्ली के महत्वपूर्ण रेल मार्ग पर वर्दवान से प्रधानखुंटा के बीच 155 किमी सेक्शन में 'कवच' एंटी-कोलिजन सिस्टम का सफलतापूर्वक कमीशनिंग किया गया है। इसके साथ ही चालू वित्त वर्ष में कवच का कुल विस्तार 260 किमी तक पहुंच गया है, जो रेल सुरक्षा के प्रति पूर्व रेलवे की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। सुरक्षा के साथ-साथ पूर्व रेलवे ने वित्तीय प्रबंधन में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन किया है। सख्त आर्थिक अनुशासन के चलते सामान्य कार्य व्यय में पिछले वर्ष की समान अवधि की तुलना में 14.55 प्रतिशत की कमी दर्ज की गई है। राजस्व के क्षेत्र में भी पूर्व रेलवे का प्रदर्शन मजबूत रहा है। फरवरी माह में स्क्रैप बिक्री से 70.22 करोड़ रुपये का राजस्व प्राप्त हुआ, जो 54.5 करोड़ रुपये के लक्ष्य से 28.84 प्रतिशत अधिक है। वहीं, यात्री राजस्व फरवरी 2026 में 244.22 करोड़ रुपये रहा, जो पिछले वर्ष के इसी माह की तुलना में 12.01 प्रतिशत की वृद्धि को दर्शाता है।

## श्री सच्चियाय माता का चूनड़ी महोत्सव धूमधाम से सम्पन्न

**कोलकाता :** श्री सच्चियाय माता जी भक्तगण ( कोलकाता) द्वारा श्री सच्चियाय माता जी मंदिर ( गुरुसदय रोड ) के मुख्य पुजारी श्री शिव जी पाण्डेय के सानिध्य में रवीन्द्र सरणी स्थित एजेएस बैंक्वेट में आयोजित भव्य चुनड़ी महोत्सव भव्य रूप से अनुष्ठित हुआ। लगभग 365 परिवारों के हजारों भक्तों ने मातारानी को नाचते, गाते, झूमते हुए चुनड़ी समर्पित की। नयनाभिराम श्रृंगार के साथ विशाल भंडारे का आयोजन एवं 56 भोग भी माता रानी को लगाया गया। गायक कलाकार विजय सोनी, राजू मेहरा, देवेंद्र बैंगानी सहित भक्तगण परिवार के गायकों ने बहुत सुंदर भजनों की



प्रस्तुति दी। कार्यक्रम में पूर्व उपमेयर मीना पुरोहित, पार्षद विजय उपाध्याय, पार्षद महेश शर्मा सहित पत्रकार प्रकाश चंडालिया, समाजसेवी भीखम चन्द पुगलिया, जतन पारख, अमरचंद दूगड़, प्रकाश दूगड़, राजेश बैंगानी सहित काफी सख्या में विभिन्न धार्मिक-सामाजिक संस्थाओं के पदाधिकारियो ने भी हाजरी लगाई। कार्यक्रम के मुख्य लाभार्थी पारस मल, छतर मल, नवीन बैद परिवार के सदस्य रहे।

## संसद में रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रखी रेलवे की उपलब्धियां, अनुदान मांग पर दिया जवाब

- **नई तकनीक और निवेश से रेलवे बना अधिक सुरक्षित और आधुनिक**

**कोलकाता :** संसद में रेल मंत्रालय की अनुदान मांग (2026-27) पर चर्चा हुई। इस चर्चा का जवाब देते हुए रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेलवे में हुए व्यापक सुधारों और उपलब्धियों का उल्लेख किया। उन्होंने बताया कि रेल बजट को सामान्य बजट में विलय करने से बजटीय सहायता 25-30 हजार करोड़ रुपये से बढ़कर लगभग 2.78 लाख करोड़ रुपये हो गई है, जिससे परियोजनाओं और नई सेवाओं को गति मिली है। मंत्री के अनुसार, पिछले दशक में रेलवे अवसंरचना में बड़ा विस्तार हुआ है। माल ढुलाई 1,055 मिलियन टन से बढ़कर 1,650 मिलियन टन तक पहुंच गई है। पटरियों का निर्माण 15,000 किमी से बढ़कर 35,000 किमी हो गया है, जबकि विद्युतीकरण 47,000 किमी तक पहुंचकर 99 प्रतिशत नेटवर्क को कवर कर चुका है। सुरक्षा के क्षेत्र में रोड ओवर ब्रिज और अंडर ब्रिज की संख्या 4,000





से बढ़कर 14,000 हो गई है और ऑटोमैटिक सिग्नलिंग में भी विस्तार हुआ है।

उन्होंने बताया कि 2014 के बाद 486 किमी नई सुरंगों का निर्माण हुआ है, जिससे पूर्वोत्तर और जम्मू-कश्मीर में कनेक्टिविटी बेहतर हुई है। डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर के तहत लगभग 2,800 किमी कार्य पूरा हो चुका है और प्रतिदिन करीब 480 मालगाड़ियां संचालित हो रही हैं। भारतीय रेल प्रतिदिन 25,000 से अधिक ट्रेनों का संचालन कर रही है। सुरक्षा को सर्वोच्च प्राथमिकता बताते हुए मंत्री ने कहा कि रेल दुर्घटनाओं में लगभग 90 प्रतिशत की कमी आई है और 'कवच' प्रणाली 3,000 किमी नेटवर्क पर लागू की जा चुकी है, जबकि आगे विस्तार जारी है। रेलवे हर साल करीब 60,000 करोड़ रुपये की सब्सिडी देकर यात्रियों को औसतन 45 प्रतिशत राहत देता है।

नई सेवाओं के तहत 160 से अधिक वंदे भारत और 60 अमृत भारत ट्रेनें संचालित हैं, जबकि कई नई ट्रेनों का निर्माण जारी है। त्योहारों के दौरान हजारों विशेष ट्रेनों का संचालन किया गया। रोजगार के क्षेत्र में लगभग 5 लाख नौकरियां दी गई हैं और 1.43 लाख भर्तियां जारी हैं। तकनीकी क्षेत्र में रेल वन ऐप को 2.5 करोड़ से अधिक डाउनलोड मिले हैं। वहीं, 1,300 स्टेशनों के पुनर्विकास का कार्य चल रहा है। कोलकाता मेट्रो की कुछ परियोजनाएं अभी भी मंजूरी के अभाव में लंबित हैं। पूर्वोत्तर में रेलवे कनेक्टिविटी का विस्तार हुआ है, जबकि मुंबई-अहमदाबाद बुलेट ट्रेन परियोजना 2027 तक शुरू होने की संभावना है। साथ ही, सिलिगुड़ी कॉरिडोर में भूमिगत डबल लाइन परियोजना की भी योजना बनाई गई है।

## राज्य सरकार ने हटाए गए 19 आईपीएस अधिकारियों को नए पद सौंपे

**कोलकाता, समाज्ञा :** राज्य सरकार ने बुधवार को चुनाव आयोग की ओर से अपने पदों से हटाए गए 19 आईपीएस अधिकारियों को नई जिम्मेदारियां सौंपीं। राज्य सचिवालय नवान्न के एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि उन्हें अब नए पदों पर नियुक्त किया गया है। राज्य सरकार ने बुधवार को इस संबंध में एक निर्देश जारी किया, जिसमें चुनाव आयोग की इस शर्त को ध्यान में रखा गया कि विधानसभा चुनावों से संबंधित किसी भी पद पर किसी भी अधिकारी को बहाल नहीं किया जा सकता है। इंदिरा मुखर्जी का तबादला राज्य पुलिस के आपराधिक जांच विभाग (सीआईडी) में विशेष अधीक्षक (एसएस) के पद पर कर दिया गया है। इंदिरा मुखर्जी को कोलकाता पुलिस के उपायुक्त (केंद्रीय) पद से हटा दिया गया था। दक्षिण बंगाल के अतिरिक्त महानिदेशक (एडीजी) के पद से हटाए गए राजीव मिश्रा का तबादला एडीजी (सुधार और समन्वय) के पद पर कर दिया गया है। प्रवीण कुमार त्रिपाठी को राज्य पुलिस के विशेष कार्य बल (एसटीएफ) का महानिरीक्षक (आईजी) नियुक्त किया गया है। प्रवीण पहले बैरकपुर के पुलिस आयुक्त थे। वहीं, आसनसोल-दुर्गापुर के पूर्व पुलिस आयुक्त सुनील कुमार चौधरी को पुनः वही जिम्मेदारी सौंपी गई है। उत्तर बंगाल के आईजी पद से हटाए गए सुकेश कुमार जैन को राज्य पुलिस के खुफिया ब्यूरो (आईबी) का आईजी नियुक्त किया गया है। हावड़ा के पुलिस आयुक्त पद से हटाए गए आकाश मघारिया और चंदननगर के पुलिस आयुक्त पद से हटाए गए कोटेश्वर राव, दोनों को खुफिया ब्यूरो में उप महानिरीक्षक (डीआईजी) नियुक्त किया गया है। इस बीच, छह बर्खास्त अधिकारियों को खुफिया ब्यूरो (आईबी) में विशेष अधीक्षक नियुक्त किया गया है। इनमें जोबी थॉमस (इस्लामपुर के बर्खास्त एसपी), अभिजीत बनर्जी (मालदा के बर्खास्त एसपी), अमनदीप (बीरभूम के बर्खास्त एसपी), कामनाशीष सेन (हुगली-ग्रामीण के बर्खास्त एसपी), धृतिमान सरकार (मुर्शिदाबाद पुलिस जिले के बर्खास्त एसपी) और हुसैन मेहदी रहमान (जंगीपुर पुलिस जिले के बर्खास्त एसपी) शामिल हैं। हटाए गए पुलिस अधीक्षक, पारिजात विश्वास (पूर्व मेदिनीपुर), बिशप सरकार (डायमंड हार्बर), संदीप कर्रा (कूचबिहार), अरिश बिलाल (बशीरहाट), और पलाश चंद्र ढाली (पश्चिम मेदिनीपुर) को राज्य पुलिस एसटीएफ में पुलिस अधीक्षक के रूप में नियुक्त किया गया है। इसके अतिरिक्त, बारासात के पूर्व एसपी प्रियब्रत रॉय को कोलकाता पुलिस के यातायात विभाग का उपायुक्त (डीसी) नियुक्त किया गया है। एडीजी (जेल) के पद पर कार्यरत लक्ष्मी नारायण मीना को एडीजी (रिकॉर्ड ब्यूरो) का अतिरिक्त प्रभार दिया गया है।

### विश्वास और रचनात्मक स्वतंत्रता ने 'जैज सिटी' में अरिफिन शुवो के किरदार को दी नई पहचान

**कोलकाता, समाज्ञा :** स्ट्रीमिंग प्लेटफॉर्म सोनी लिव की आगामी सीरीज जैज सिटी 1970 के दशक के कोलकाता की पृष्ठभूमि पर आधारित रहस्य, जासूसी और विद्रोह की कहानी लेकर दर्शकों के बीच आने को तैयार है। इस सीरीज में अभिनेता अरिफिन शुवो मुख्य भूमिका में नजर आएंगे, जो 'जिमी' के जटिल किरदार को निभा रहे हैं। निर्माता-निर्देशक सौमिक सेन के साथ रचनात्मक सहयोग को लेकर शुवो ने कहा कि उन्हें अभिनय के लिए पूर्ण स्वतंत्रता और विश्वास मिला, जिससे वे किरदार को गहराई से समझ सके। उन्होंने बताया कि इस भरोसे ने उनके प्रदर्शन को और प्रभावी बनाया। विशेषज्ञों का मानना है कि कोलकाता की पृष्ठभूमि और उस दौर की कहानी क्षेत्रीय दर्शकों को जोड़ने में अहम भूमिका निभाएगी। सीरीज में सौरासेनी मैत्रा, शांतनु घटक और अन्य कलाकार भी प्रमुख भूमिकाओं में हैं। यह 19 मार्च से सोनी लिव पर प्रसारित होगी।

# 55 विधानसभा 'संवेदनशील' घोषित, 2.50 लाख जवान करेंगे सुरक्षा

❑ **अधिकारियों पर सख्ती, आदर्श आचार संहिता का कड़ा पालन**



**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के साथ ही निर्वाचन आयोग ने स्वतंत्र और निष्पक्ष मतदान सुनिश्चित करने के लिए कमर कस ली है। मुख्य निर्वाचन आयुक्त द्वारा दिए गए निर्देशों के बाद, राज्य के मुख्य निर्वाचन अधिकारी (सीईओ) मनोज अग्रवाल ने प्रशासन के सभी स्तरों पर अधिकारियों को जवाबदेह ठहराते हुए स्पष्ट किया है कि चुनाव प्रक्रिया में किसी भी प्रकार की कोताही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। आयोग ने राज्य के 55 विधानसभा क्षेत्रों को आर्थिक दृष्टिकोण से 'क्रिटिकल' (संवेदनशील) घोषित कर दिया है। यह वर्गीकरण विशेष रूप से 'व्यय संवेदनशीलता' को देखते हुए किया गया है। रिपोर्ट के अनुसार, पिछले कुछ दिनों में ही राज्य के विभिन्न हिस्सों से लगभग 112 करोड़ रुपये की अवैध नकदी बरामद की जा चुकी है। सुरक्षा व्यवस्था को अभेद्य बनाने के लिए आयोग ने केंद्रीय अर्धसैनिक बलों की लगभग 2,500 कंपनियों को तैनात करने का निर्णय लिया है। प्रति कंपनी 100 जवानों के हिसाब से कुल 2.50 लाख जवान सुरक्षा संभालेंगे। प्रत्येक मतदान केंद्र पर वेबकास्टिंग की सुविधा होगी और संवेदनशील बूथों के अंदरूनी हिस्सों की निगरानी के लिए उच्च तकनीक वाले कैमरों का उपयोग किया जाएगा। निर्वाचन आयोग ने स्पष्ट संदेश दिया है कि जो अधिकारी स्वतंत्र चुनाव में बाधा डालेंगे या राजनीतिक प्रभाव में आएंगे, उनके खिलाफ कठोर कार्रवाई की जाएगी। सभी जिलाधिकारियों और पुलिस अधीक्षकों से उनके क्षेत्रों में अवैध हथियारों, विस्फोटकों और उपद्रवियों की विस्तृत रिपोर्ट मांगी गई है। आयोग ने यह भी निर्देश दिया है कि पिछले चुनावों के दौरान हुई हिंसा में शामिल अधिकारियों और संदिग्धों की सूची तैयार की जाए। चुनाव में पारदर्शिता के लिए 28 पुलिस जिलों और छह कमिश्नरेट में विशेष पुलिस पर्यवेक्षक तैनात किए जाएंगे। आचार संहिता लागू होते ही सरकारी भवनों से पोस्टर, होर्डिंग्स और राजनीतिक विज्ञापन हटाने के निर्देश दिए गए हैं। अब किसी भी राजनीतिक दल या प्रत्याशी को सरकारी वाहनों के उपयोग की अनुमति नहीं होगी। निजी संपत्तियों पर पोस्टर या झंडे लगाने के लिए मालिक की लिखित अनुमति अनिवार्य होगी। आयोग ने जनता से अपील की है कि वे किसी भी नियम उल्लंघन की शिकायत 1950 हेल्पलाइन नंबर या 'सी-विजिल' ऐप के माध्यम से कर सकते हैं। आयोग ने वादा किया है कि शिकायत मिलने के 100 मिनट के भीतर कार्रवाई की जाएगी।

## लोक भवन के रिक्त पदों पर जल्द नियुक्ति की मांग

### राज्यपाल आर.एन. रवि ने नवान्न को भेजा पत्र



**कोलकाता :** राज्यपाल आर.एन. रवि ने लोक भवन में रिक्त पड़े महत्वपूर्ण पदों पर शीघ्र नियुक्ति की मांग को लेकर राज्य सचिवालय नवान्न को पत्र भेजा है। सूत्रों के अनुसार इस संबंध में ईमेल के माध्यम से भी राज्य सरकार को अवगत कराया गया है।

जानकारी के मुताबिक कुल पांच महत्वपूर्ण पदों पर नियुक्ति के लिए राज्यपाल की ओर से प्रस्ताव भेजा गया है। इनमें राज्यपाल के सचिव पद के लिए एक आईएएस अधिकारी की मांग की गई है। इसके अलावा विशेष सचिव पद के लिए एक प्रोन्नत आईएएस अधिकारी की नियुक्ति का प्रस्ताव दिया गया है।

वहीं दो संयुक्त सचिव पदों और एक उप सचिव पद के लिए तीन डब्ल्यूबीसीएस अधिकारियों के नाम मांगे गए हैं, जिनमें से एक का चयन किया जाएगा।

बताया जा रहा है कि राज्यपाल पद का कार्यभार संभालने के बाद आर.एन. रवि प्रशासनिक कार्यों को सुचारु रूप से चलाने के लिए इन पदों पर जल्द नियुक्ति के इच्छुक हैं।

## कोलकाता पुलिस ने अवैध हथियार जब्त करने के लिए बढ़ाई निगरानी



**कोलकाता, समाज्ञा :** आगामी विधानसभा चुनाव से पहले कोलकाता पुलिस ने शहर में कानून व्यवस्था बनाए रखने के लिए सख्त कदम उठाने शुरू कर दिए हैं। विशेष रूप से अवैध हथियारों की पहचान कर उन्हें जब्त करने पर जोर दिया जा रहा है। नए पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद के पदभार संभालने के तुरंत बाद शहर के सभी थाना प्रभारियों और संभागीय उपायुक्तों को कई महत्वपूर्ण निर्देश जारी किए गए हैं। एक वरिष्ठ पुलिस अधिकारी ने बुधवार को बताया कि चुनाव से पहले शहर में मौजूद सभी अवैध हथियारों की पहचान कर उन्हें जल्द से जल्द जब्त करने का निर्देश दिया गया है। पुलिस को खासकर संवेदनशील इलाकों में निगरानी बढ़ाने को कहा गया है। इसके तहत भांगर संभाग सहित कई महत्वपूर्ण क्षेत्रों में अतिरिक्त सतर्कता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। सभी थानों को खुफिया सूचनाओं के आधार पर छापेमारी करने और असामाजिक तत्वों को अवैध हथियार जमा करने या उनका इस्तेमाल करने का कोई मौका नहीं देने के लिए सक्रिय कार्रवाई करने को कहा गया है। इस संबंध में पुलिस आयुक्त अजय कुमार नंद ने अधिकारियों को स्पष्ट संदेश दिया है कि चुनाव को देखते हुए पुलिस प्रशासन किसी भी प्रकार का जोखिम लेने के मूड में नहीं है। वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देश पर शहर के सभी थानों के साथ-साथ जासूसी विभाग की टीमें भी सक्रिय हो गई हैं और विभिन्न इलाकों में अवैध हथियार बरामद करने के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, रात के समय प्रमुख चौराहों तथा शहर के प्रवेश और निकास बिंदुओं पर सुरक्षा जांच और वाहन तलाशी अभियान को और तेज किया जाएगा। संदिग्ध वाहनों और व्यक्तियों पर कड़ी नजर रखी जाएगी। पुलिस न सिर्फ अवैध हथियारों की बरामदगी पर ध्यान दे रही है, बल्कि संभावित उपद्रवियों की पहचान कर उन्हें निगरानी में रखने की भी तैयारी कर रही है।

## उम्मीदवारों की घोषणा में देरी, बंगाल में कांग्रेस की सुस्ती या रणनीति?

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव की घोषणा के बाद जहां भाजपा, वाममोर्चा और तृणमूल कांग्रेस ने तेजी दिखाते हुए अपने उम्मीदवारों की सूची जारी कर दी, वहीं कांग्रेस अब तक असमंजस की स्थिति में नजर आ रही है। चुनावी बिगुल बजने के तीन दिन बाद भी कांग्रेस की ओर से प्रत्याशियों की घोषणा न होना पार्टी की आंतरिक कमजोरी और रणनीतिक भ्रम को उजागर करता है। प्रदेश नेतृत्व, खासकर शुभंकर सरकार, पहले ही यह स्पष्ट कर चुके हैं कि कांग्रेस इस बार अकेले चुनाव लड़ेगी। लेकिन जमीनी हकीकत यह है कि संगठनात्मक ढांचा कमजोर है और कार्यकर्ताओं में उत्साह की कमी साफ दिख रही है। पिछले चुनाव में वाममोर्चा और इंडियन सेक्युलर फ्रंट के साथ गठबंधन के बावजूद खाता न खुलना भी पार्टी के आत्मविश्वास पर असर डाल चुका है।

❑ **26 साल बाद विधानसभा में वापसी की तैयारी में अधीर चौधरी**

बंगाल की राजनीति में बहरमपुर के राबिनहुड कहे जाने वाले अधीर रंजन चौधरी एक बार फिर राज्य की सियासत में सक्रिय भूमिका निभाते नजर आ सकते हैं। सूत्रों के मुताबिक, कांग्रेस उन्हें बहरमपुर विधानसभा सीट से उम्मीदवार बनाने पर विचार कर रही है। 1996 में विधायक रहने के बाद अधीर ने 1999 से 2024 तक लगातार लोकसभा में बहरमपुर का प्रतिनिधित्व किया। हालांकि, 2024 में तृणमूल उम्मीदवार यूसुफ पठान से हार के बाद अब पार्टी उन्हें राज्य की राजनीति में उतारने की रणनीति बना रही है। यदि अधीर चुनाव मैदान में उतरते हैं, तो बहरमपुर सीट पर भाजपा, तृणमूल और कांग्रेस के बीच हाई-प्रोफाइल त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिल सकता है, जो इस चुनाव का सबसे दिलचस्प मुकाबला बन सकता है।

## तृणमूल ने विवादित चेहरों को फिर दिया टिकट : भाजपा

**कोलकाता, समाज्ञा :** प्रदेश भाजपा की ओर से सॉल्टलेक स्थित पार्टी कार्यालय में बुधवार को एक प्रेस कॉन्फ्रेंस आयोजित की गई, जिसमें पार्टी के मुख्य प्रवक्ता देवजीत सरकार ने राज्य की मौजूदा राजनीतिक स्थिति पर टिप्पणी की। प्रेस कॉन्फ्रेंस में उन्होंने कहा कि हाल ही में जारी तृणमूल कांग्रेस की उम्मीदवार सूची राज्य की राजनीतिक स्थिति का महत्वपूर्ण प्रतिबिंब है। उनके अनुसार, सूची में कई विवादित और आरोपों में घिरे व्यक्तियों को फिर से उम्मीदवार बनाया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि लंबे समय से प्रशासनिक भ्रष्टाचार और राजनीतिक प्रभाव के आरोपों के बावजूद उन्हीं चेहरों को दोबारा मौका दिया गया है। साथ ही, उन्होंने कहा कि तृणमूल ने पार्टी और प्रशासन के बीच की सीमा को खत्म कर दिया है, जिससे प्रशासनिक निष्पक्षता प्रभावित हुई है और लोकतांत्रिक ढांचा कमजोर पड़ा है।



डीए (महंगाई भत्ता) के मुद्दे पर राज्य सरकार की आलोचना करते हुए उन्होंने कहा कि सुप्रीम कोर्ट के निर्देश के बावजूद सरकार पूरी बकाया राशि का भुगतान नहीं कर रही है और इसे किस्तों में देने की योजना बना रही है, जो कर्मचारियों के साथ अन्याय है। उन्होंने आरोप लगाया कि 2008 से लंबित डीए को सीमित अवधि तक ही लागू किया जा रहा है और वह भी चरणबद्ध तरीके से। उन्होंने कहा कि कुछ मामलों में बकाया राशि सीधे देने के बजाय जनरल प्रोविडेंट फंड (जीपीएफ) में जमा करने का निर्णय लिया गया है, जिससे भुगतान में देरी होगी। साथ ही पेंशनभोगियों को भी सीमित लाभ देने की बात कही गई है। देवजीत सरकार ने दावा किया कि कई सरकारी संस्थानों, पंचायतों और नगरपालिकाओं के कर्मचारियों को अब तक डीए को लेकर कोई स्पष्ट लाभ नहीं मिला है और मामला 'विचाराधीन' रखा गया है।

उन्होंने कहा कि भारत का निर्वाचन आयोग द्वारा संविधान के अनुच्छेद 324 के तहत प्रशासनिक स्तर पर किए जा रहे बदलाव निष्पक्ष और स्वतंत्र चुनाव के लिए आवश्यक हैं। उनके अनुसार, लंबे समय से प्रशासन और सत्तारूढ़ दल के बीच अंतर खत्म हो गया था, ऐसे में ये कदम अहम हैं। उन्होंने आगे कहा कि राज्य में कानून-व्यवस्था और लोकतांत्रिक माहौल बहाल करने के लिए चुनाव प्रक्रिया को हिंसा-मुक्त बनाना जरूरी है और इसकी जिम्मेदारी निर्वाचन आयोग की है। अंत में, उन्होंने दावा किया कि राज्य में बदलाव की मांग बढ़ रही है और आगामी चुनाव में जनता लोकतांत्रिक तरीके से अपना मत व्यक्त करेगी।



हावड़ा के शिवपुर विधानसभा के भाजपा उम्मीदवार रुद्रनील घोष इलाके में चुनाव प्रचार करते



राज्यपाल आर. एन. रवि ने पत्नी के साथ बेलूड़ मठ का दौरा किया।

## मंत्री के घर हमले पर सख्त हुआ चुनाव आयोग, कोलकाता पुलिस से मांगी विस्तृत रिपोर्ट

**कोलकाता, समाज्ञा :** कोलकाता में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की रैली से पहले वरिष्ठ तृणमूल कांग्रेस नेता और मंत्री शशि पांजा के घर पर हुए कथित हमले के मामले में अब चुनाव आयोग ने सख्त रुख अपनाया है। आयोग ने कोलकाता पुलिस से इस घटना पर विस्तृत और पूरी जानकारी वाली रिपोर्ट मांगी है। बुधवार को एक वरिष्ठ अधिकारी ने बताया कि पहले दी गई रिपोर्ट अधूरी थी और उसमें कई अहम तथ्यों का अभाव था। चुनाव आयोग के अनुसार, शुरुआती रिपोर्ट में घटनाक्रम का पूरा विवरण और महत्वपूर्ण इनपुट शामिल नहीं थे। ऐसे में आयोग ने अब एक व्यापक रिपोर्ट देने के निर्देश दिए हैं, जिसमें घटना की टाइमलाइन, पुलिस की भूमिका और पहले से मिले खुफिया इनपुट का पूरा ब्यौरा हो। चुनाव आयोग ने यह भी जानना चाहा है कि राज्य में तैनात केंद्रीय बलों का इस्तेमाल इस घटना के दौरान क्यों नहीं किया गया। आयोग यह जांच कर रहा है कि स्थानीय पुलिस ने अकेले स्थिति को क्यों संभाला, जबकि केंद्रीय बल मौजूद थे।

# उम्मीदवारो की सूची जारी होते ही तृणमूल में अंदरूनी कलह, कई क्षेत्रों में विरोध और इस्तीफे

❑ **नेताओं और समर्थकों ने किया व्यापक विरोध**

❑ **राज्यभर में हिंसक झड़पें, बमबाजी और सड़क अवरोध**

**कोलकाता, समाज्ञा :** विधानसभा चुनाव के लिए सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस द्वारा सभी 291 सीटों पर मंगलवार को उम्मीदवारों की सूची जारी करने के बाद से ही पार्टी के भीतर घमासान छिड़ गया है। टिकट से वंचित विधायकों व नेताओं के समर्थकों ने बुधवार को राज्य के विभिन्न हिस्सों में पार्टी के स्थानीय व शीर्ष नेतृत्व के खिलाफ जबर्दस्त विरोध प्रदर्शन किया। टिकट को केंद्र कर कई जगहों पर पार्टी के दो गुटों में हिंसक झड़प से लेकर बमबाजी की घटनाएं भी सामने आई है। टिकट नहीं मिलने से नाराज नेताओं व कार्यकर्ताओं ने कई जगहों पर सड़क अवरुद्ध कर और टायर जलाकर विरोध जताया और पार्टी नेतृत्व के खिलाफ बगावत के सुर बुलंद किए। कुछ जगहों पर पार्टी दफ्तरों में भी तोडफ़ोड़ की घटना सामने आई है।

दक्षिण 24 परगना जिले के गोसाबा विधानसभा इलाके में टिकट को केंद्र कर तृणमूल के दो गुटों के बीच हिंसक संघर्ष में बिप्रदासपुर पंचायत के उप प्रधान और उनके समर्थक गंभीर रूप से घायल हो गए। हमले का आरोप पंचायत प्रधान के पति व उनके समर्थकों पर है। उधर, पूर्व बर्दवान जिले की मंतेश्वर सीट से मंत्री सिद्दीकुल्ला चौधरी को एक बार फिर उम्मीदवार बनाए जाने के बाद तृणमूल के दो गुट आपस में भिड़ गए और जमकर झड़प हुई। स्थिति को काबू में करने के लिए पुलिस को लाठीचार्ज करनी पड़ी। इस दौरान एक कार्यकर्ता के घर बम फेंके जाने का भी आरोप है। पूर्व बर्दवान के खंडघोष से नवीन बाग को उम्मीदवार बनाए जाने से स्थानीय पार्टी नेताओं के भीतर भारी असंतोष फैल गया। पार्टी के ब्लॉक अध्यक्षों, जिला परिषद के सदस्यों व पंचायत सदस्यों ने उनकी उम्मीदवारी के खिलाफ सामूहिक इस्तीफे की धमकी दी है। पार्टी के एक समूह का स्पष्ट कहना है कि वह नवीन बाग को किसी भी हालत में उम्मीदवार के रूप में स्वीकार नहीं करेंगे।

### राजगंज से तृणमूल विधायक ने टिकट न मिलने के बाद पार्टी पद से दिया इस्तीफा

**जलपाईगुड़ी :** आगामी विधानसभा चुनावों में राजगंज विधानसभा क्षेत्र से टिकट न मिलने के बाद विधायक खगेश्वर रॉय ने जलपाईगुड़ी जिले से तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया, जिसके बाद पार्टी के भीतर असंतोष के संकेत दिखायी देने लगे हैं। जलपाईगुड़ी के राजगंज से तीन बार विधायक रह चुके रॉय ने एशियाई खेलों की स्वर्ण पदक विजेता स्वप्ना बर्मन को इस सीट से मैदान में उतारे जाने के बाद पार्टी की हार की भविष्यवाणी की। मुख्यमंत्री द्वारा मंगलवार को उम्मीदवारों की सूची की घोषणा के तुरंत बाद उन्होंने जलपाईगुड़ी जिला तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष पद से इस्तीफा दे दिया। टिकट न मिलने पर नाराजगी व्यक्त करते हुए रॉय ने आरोप लगाया कि यह निर्णय 'धन बल' के प्रभाव में लिया गया है। रॉय ने अपने इस्तीफे की घोषणा करने के बाद पत्रकारों से कहा कि जब ममता बनर्जी ने कांग्रेस छोड़कर तृणमूल कांग्रेस की स्थापना की, तब से मैं उनके साथ रहा हूं। आज मुझे पैसों ने हरा दिया है। किसी ने जरूर पैसे दिए होंगे और इसीलिए मेरा नाम हटा दिया गया। मौजूदा विधायक ने दावा किया कि जिस व्यक्ति ने 'कभी तृणमूल के लिए काम नहीं किया' उसे इस निर्वाचन क्षेत्र में उम्मीदवार बनाया गया है। रॉय ने कहा कि उन्होंने राजगंज में पार्टी संगठन खड़ा किया है और उन्हें टिकट न देना 'अन्याय' है। उन्होंने कहा कि मेरे साथ हुए अन्याय के कारण मैंने पार्टी पद से इस्तीफा दे दिया है। तृणमूल कांग्रेस राजगंज सीट हार जाएगी। बहरहाल, रॉय ने कहा कि उन्होंने अभी तक यह तय नहीं किया है कि वह किसी अन्य राजनीतिक दल में शामिल होंगे या नहीं। रॉय ने कहा कि मैंने पार्टी को पत्र भेज दिया है। देखते हैं कि नेतृत्व क्या फैसला लेता है।

### 'फैसले पर तृणमूल विचार करे', आमडांगा के तीन बार के विधायक रफीकुर रहमान ने कहा

**उत्तर 24 परगना जिला के आमडांगा से तीन बार के तृणमूल कांग्रेस विधायक रफीकुर रहमान ने बुधवार को पार्टी नेतृत्व से आग्रह किया कि वे इस सीट पर नए उम्मीदवार को उतारने के फैसले पर पुनर्विचार करें। दरअसल, सत्तारूढ़ तृणमूल कांग्रेस ने इस सीट से रहमान की जगह पीरजादा कासिम सिद्दीकी को उम्मीदवार घोषित किए जाने के बाद विरोध प्रदर्शन शुरू हो गए। विरोध के तहत रहमान के समर्थकों ने उत्तर 24 परगना जिले में आमडांगा-कांकीनाड़ा रोड को जाम कर दिया, टायर जलाए और उनके तथा पार्टी के समर्थन में नारे लगाए। रहमान ने कहा कि मैं पार्टी (नेतृत्व) से अपील करता हूं कि वह अपने फैसले में बदलाव करे। इसके साथ ही उन्होंने यह भी कहा कि वह पार्टी के कार्यकर्ता हैं और उसके साथ खड़े हैं। रहमान ने इस बदलाव के बाद इस क्षेत्र में पार्टी की संभावनाओं पर भी संदेह जताया। उन्होंने कहा कि मुझे नहीं पता कि इस बार हम कितने सफल होंगे। उन्होंने कहा कि पार्टी कार्यकर्ता और आम जनता सिद्दीकी के समर्थन में नहीं हैं।**

### इस्लामपुर में सड़क हादसे में दो लोगों की मौत

**उत्तर दिनाजपुर :** जिले के इस्लामपुर में बुधवार की सुबह एक दर्दनाक सड़क हादसे में दो लोगों की मौत हो गई। दक्षिण कांचना इलाके में दो बाइकों की आमने-सामने टक्कर में यह हादसा हुआ। मृतकों की पहचान मोहम्मद अनवारुल और मजहर आलम के रूप में हुई है। मजहर आलम धनतला के निवासी थे, जबकि अनवारुल ग्वालपोखर थाना क्षेत्र के साहापुर ग्राम पंचायत के डोपकूल इलाके के निवासी थे। मिली जानकारी के अनुसार, वह अपनी दो बेटियों के साथ बाइक से इस्लामपुर अस्पताल जा रहे थे, जहां उनकी एक बेटी का डायलिसिस होना था। इसी दौरान सामने से आ रहे मजहर के बाइक से उनकी जोरदार टक्कर हो गई। टक्कर इतनी भीषण थी कि चालक और सवार सड़क पर गिर पड़े। स्थानीय लोगों ने तुरंत घायलों को अस्पताल पहुंचाया, लेकिन डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया।


**पूर्व रेलवे**

बिड संख्या: जीईएम/2026/बी/7361293, दिनांक: 16.03.2026, उप मुख्य यांत्रिक अभियंता/बीएमएफ/बीजीबी, पूर्व रेलवे, लिलुआ, हावड़ा, पिन-711204 द्वारा निम्नलिखित कार्य के लिए बिड आमंत्रित की जाती हैं। **वस्तु श्रेणी** : मासिक आधार पर कैब और टैक्सी को किराए पर लेने की सेवाएँ-एसयूवी; 3000 किमी x 364 घंटे;लोकल 24*7, **कार्यालय का नाम :** कैरिज एवं वैगन वर्कशॉप, लिलुआ। **बिड बंद होने की तारीख/समय:** 06.04.2026, 14.00.00, **बिड खुलने की तारीख/समय:** 06.04.2026, 14.30.00, **बिड पेशकश वैधता (बंद होने की तारीख से) :** 120 (दिन)। **अनुबंध अवधि:** 2 वर्ष 1 दिन। **बिडर का न्यूनतम औसत वार्षिक टर्नओवर (3 वर्षों का):** 9 लाख। **इसी तरह की सेवाओं का पिछला आवश्यक अनुभव है:** हाँ। **एमएसएमई के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है:** नहीं। **स्टार्टअप के लिए अनुभव के वर्षों और टर्नओवर से छूट प्रदान की गई है :** नहीं। **विक्रेता से मांगे गए दस्तावेज :** अनुभव मापदंड, बिडर टर्नओवर, प्रमाणपत्र (एटीसी में अनुरोध किया गया) *यदि कोई बिडर अनुभव/टर्नओवर के मानदंड से छूट चाहता है, तो ऐसी छूट के लिए उनकी पात्रता को प्रमाणित करने वाले समर्थित दस्तावेज क्रेता द्वारा अवश्य ही मूल्यांकन के लिए अपलोड किए जाएं। **बिड का प्रकार :** एकल पैकेट बिड। **तकनीकी मूल्यांकन के दौरान तकनीकी स्पष्टीकरण हेतु अनुमत समय:** 2 दिन। **अनुमानित बिड मूल्य :** रु. 16,55,640/-, **ईएमडी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईएमडी राशि:** रु.33,110/-, **ईपीबीजी विवरण : एडवाइजरी बैंक :** स्टेट बैंक ऑफ इंडिया। **ईपीबीजी प्रतिशत (%):** 5.00, **ईपीबीजी की आवश्यक अवधि (माह) :** 26 MISC-422/2025-26

निविदा सूचना वेबसाइट www.er.indianrailways.gov.in/www.ireps.gov.in पर भी उपलब्ध है

हमें यहाँ देखें : @EasternRailway @easternrailwayheadquarter



**Name Change**

I, Megha Singh, daughter of Sher Singh, residing at Sonar Bangla Apartment, 4th Floor, Flat No.4D, 53/29A, Jhowtala Road, Sukanta Pally Road, Hatiara, North 24-Parganas, Kolkata-700157, do hereby solemnly affirm and declare that I want to change my name and address to Megha Singh of Sonar Bangla Apartment, 4th Floor, Flat No.4D, 53/29A, Jhowtala Road, Sukanta Pally Road, Hatiara, North 24-Parganas, Kolkata-700157 from Megha Shaw of Alcove Gloria Residency, Tower-1, Flat-9F, 403/1, Dakhindari Road, Shreebhumi, North 24 Parganas-700048 and Megha Singh and Megha Shaw are the same and one identical person via affidavit before the Ld 1st Class Judicial Magistrate, Calcutta dated 17th March 2026.



**दक्षिण पूर्व रेलवे – निविदा**

**ई-निविदा सूचना संख्या एसटी-पीआरओजे-केजीपी-एचडब्ल्यूएच-6ईआई-आर, दिनांक 17.03.2026,** भारत के राष्ट्रपति की ओर से एवं उनके लिए, उप मुख्य संकेत एवं दूरसंचार अभियंता/परियोजना/खड़गपुर निम्नलिखित कार्यों के लिए ई-निविदा आमंत्रित करते हैं: **कार्य का नाम:** खड़गपुर मंडल में श्यामचक, बालीचक, हाउर, भोगपुर, फुलेश्वर और मौरीग्राम फ्लाईओवर ब्लॉक हट में पुराने इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग को नए इलेक्ट्रॉनिक इंटरलॉकिंग से बदलने के लिए भवन के निर्माण को छोड़कर सभी एस एंड टी कार्य। **कार्य की अनुमानित लागत:** रु. 55,62,06,414.70, **बयाना राशि:** रु.1,11,24,100/-, **ई-निविदा बंद होने की तिथि और समय:** दिनांक 16.04.2026 को 13.00 बजे। **वेबसाइट जिस पर निविदा प्रकाशित की गई है:** www.ireps.gov.in (PR-1319)



**PWD (GOVT OF WB) TENDER**

Offline Short Notice Inviting Tender No- 122/City(E) of 2025-26 from bonafied and resourceful decorators having credential in similar urgent nature of works and as per Govt. rule. Last date & time of application for obtaining permission will be on **19.03.2026 at 12.00 hrs.** Other details may be seen from the web site: www.pwdwb.in.

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.



**पूर्वोत्तर रेलवे**

भारत के राष्ट्रपति एवं उनकी ओर से मंडल रेल प्रबंधक / यॉंत्रिक (समाडि) / पूर्वोत्तर रेलवे, वाराणसी द्वारा निम्नांकित कार्य हेतु खुली ई-निविदा सूचना संख्या M/C&W/17/2025-26 dt. 18.03.2026 के माध्यम से एक पैकेट सिस्टम (वर्क्स टेंडर) पर आधारित ई-निविदा आमंत्रित की जाती है। **कार्य का नाम:** 24 माह की अवधि हेतु कोचिंग डिपो बनारस में वंदे भारत गाड़ियों के डीटीसी में फाइबर रिइन्फोर्सड प्लास्टिक (एफआरपी) नोज कोन कपलर कवर और एफआरपी साइड की दीवारों की मरम्मत, नवीनीकरण, पेंटिंग और फिटिंग का प्रावधान। **कार्य की अनुमानित लागत (₹ में):** ₹39,68,980.22 (रुपये उनतालिस लाख अड़सठ हजार नौ सौ अस्सी एवं बाइस पैसे मात्र); **बिड सिक्योरिटी राशि:** ₹79,400/– (रुपये उन्यासी हजार चार सौ मात्र); **निविदा प्रपत्र का मूल्य:** शून्य (प्राधिकार एसजीसीसी-वर्क्स, अप्रैल-2022, (रेलवे बोर्ड द्वारा अपने पत्रांक 2022/सीई-I/सीटी/जीसीसी-2022/पालिसी नई दिल्ली दि० 27.04.2022 के माध्यम से जारी); **कार्य की अवधि:** स्वीकृति पत्र जारी होने की तिथि से 24 माह। **वारंटी अवधि:** संविदाकार को फिटिंग की तारीख से लगाये गये सामान पर न्यूनतम 30 माह या अद्यतन आइआरएस शर्तों के अनुसार (जो भी अधिक हो)। मरम्मत की दशा में मरम्मत तिथि से 06 माह तक; **ई-निविदा बंद होने की तिथि एवं समय:** दिनांक 17.04.2026 को समय 14:30 बजे; **ई-निविदा खुलने की तिथि एवं समय:** दिनांक 17.04.2026 को समय 15:00 बजे। • निविदाकार निविदा को दि०-17.04.2026 को समय 14:30 बजे तक आनलाइन जमा कर सकेंगे। • पूर्ण विवरण एवं निविदा को प्रस्तुत करने के लिए भारतीय रेलवे के वेबसाइट www.ireps.gov.in को देखें।

वमंयांइ / इएनएचएम
मुजाधि / यांत्रिक–161 वाराणसी

ट्रेनों में बीड़ी / सिगरेट न पियें



**PWD (GOVT OF WB) TENDER NOTICE**

eNIT No.: 121/City(WB) of 2025-26 of The Executive Engineer-I, City Division, P.W.D. for 1 (One) no. work from bonafied outsider only having credential for similar nature of work. Bid submission closing date (online) will be on **06.04.2026 at 15.00 hrs. for Tender ID: 2026_PWD_1023097_1.** Other details may be seen from the web site: http://etender.wb.nic.in & http://wbpwd.in.

Sd/-
Executive Engineer-I,
City Division, P.W.D.



विश्वानि देव सवितर्दुरितानि परासुव। यद् भद्रं तन्न आ सुव॥
www.samagya.in
समाज्ञा
NEWS PAPER ADVERTISING SOLUTION
• MATRIMONIAL • EDUCATION • OBITUARY
• PROPERTY • NAME CHANGE • REMEMBRANCE
• RECRUITMENT • PUBLIC NOTICE • DISPLAY
TO AD IN SAMAGYA PLEASE CONTACT
samagyaadvt@gmail.com | www samagya.in
230, C. R. Ave, 3rd Floor, Kolkata-700 006, Contact : 7044444522, 7044444527

# मुझे एक लाख से अधिक वोट मिलेंगे : दिलीप घोष

**❑ खड़गपुर में भाजपा नेता ने निकाली मोटरसाइकिल रैली**

**पश्चिम मेदिनीपुर :** भाजपा के वरिष्ठ नेता दिलीप घोष ने पश्चिम मेदिनीपुर जिले के खड़गपुर सदर विधानसभा क्षेत्र में मोटरसाइकिल रैली के साथ अपने विधानसभा चुनाव प्रचार अभियान की बुधवार को शुरुआत करते हुए दावा किया कि उन्हें खड़गपुर सदर से इस बार एक लाख से अधिक वोट मिलेंगे। भाजपा की प्रदेश इकाई के पूर्व अध्यक्ष और मेदिनीपुर से सांसद रह चुके घोष ने यह भी दावा किया कि वह इस बार 2016 के उन चुनावों से बड़े अंतर से जीत हासिल करेंगे जब वह पहली बार इस सीट से निर्वाचित हुए थे। उन्होंने कहा कि मैं इस बार अधिक अंतर से जीतूंगा। उन्होंने कहा कि



यहां आम लोग मानते हैं कि भाजपा उनकी अपनी पार्टी है और यही वजह है कि वे हर चुनाव में हमें विजयी बनाते हैं। बता दें कि घोष को 2016 में खड़गपुर सदर से करीब 61,000 वोट मिले थे और उन्होंने कांग्रेस के 10 बार के विधायक ज्ञान सिंह सोहनपाल को हराया था जिन्हें करीब 55,000 वोट मिले थे।

## तृणमूल ने दिलीप घोष के खिलाफ चुनाव आयोग से की शिकायत, बयान पर जताई आपत्ति

**कोलकाता, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने बुधवार को दिल्ली में चुनाव आयोग के पास 5 पन्नों की एक विस्तृत शिकायत सौंपी है। पार्टी का दावा है कि दिलीप घोष ने तृणमूल कांग्रेस नेताओं और आम जनता के खिलाफ 'हिंसा' की सार्वजनिक धमकी दी है। यह आदर्श आचार संहिता का सीधा उल्लंघन है। तृणमूल ने एक वीडियो रिकॉर्डिंग का हवाला देते हुए कहा है कि इसमें दिलीप घोष कथित तौर पर बांग्ला भाषा में धमकी देते दिख रहे हैं। कथित तौर पर दिलीप घोष ने कहा कि अगर मंत्री डॉ शशि पांजा के घर पर हमला हो सकता है, तो कालीघाट और विधायक मदन मित्रा के आवास पर भी ऐसे हमले हो सकते हैं। कथित तौर पर, घोष ने कहा कि तृणमूल कांग्रेस के कार्यकर्ताओं को पीटने के लिए बाहरी लोगों की जरूरत नहीं है, उनके कार्यकर्ता पूरे बंगाल में उन्हें 'ठीक' करने के लिए तैयार हैं। शिकायत में कहा गया है कि घोष की टिप्पणियां कालीघाट और चेतला जैसे इलाकों के मतदाताओं को डराने और चुनावी प्रक्रिया को प्रभावित करने की कोशिश हैं। पार्टी की चुनाव आयोग से 5 बड़ी मांगें है कि भाजपा नेता दिलीप घोष को तुरंत नोटिस जारी कर उनसे जवाब मांगा जाये। भारतीय न्याय संहिता की धाराओं और जनप्रतिनिधित्व अधिनियम के तहत दिलीप घोष पर मामला दर्ज किया जाये। दिलीप घोष को चुनाव के दौरान हिंसा भड़काने वाले बयान देने से रोका जाये। विधायक डॉ शशि पांजा, मदन मित्रा और कालीघाट-चेतला क्षेत्र की जनता के लिए अतिरिक्त सुरक्षा व्यवस्था की जाये। सोशल मीडिया और न्यूज एजेंसियों से विवादित वीडियो हटाने और घोष से माफी मंगवाने का आदेश दिया जाये। तृणमूल कांग्रेस ने कहा है कि यह आचरण जनप्रतिनिधित्व अधिनियम, 1951 की धारा 123(2) के तहत 'अनुचित प्रभाव' की श्रेणी में आता है। पार्टी का तर्क है कि शारीरिक चोट की धमकी देना एक भ्रष्ट आचरण है। यह स्वतंत्र और निष्पक्ष चुनाव की भावना के खिलाफ है।

## टिकट मिलने के बाद श्रीरामपुर पहुंचे तृणमूल उम्मीदवार तन्मय घोष, हुआ जोरदार स्वागत



**हुगली :** श्रीरामपुर विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल उम्मीदवार के रूप में नाम की घोषणा होने के बाद बुधवार को तन्मय घोष श्रीरामपुर पहुंचे जहां पार्टी कार्यकर्ताओं ने उनका जोरदार स्वागत किया। श्रीरामपुर के माया भवन में तृणमूल उम्मीदवार ने पार्टी के पार्षदों, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं से मुलाकात की। इस दौरान श्रीरामपुर शहर तृणमूल कांग्रेस के अध्यक्ष और सीआईसी संतोष उर्फ पप्पू सिंह, चेयरमैन गिरिधारी साहा समेत अन्य स्थानीय नेताओं ने कहा कि श्रीरामपुर से तन्मय घोष की जीत तय है। इसके बाद तृणमूल उम्मीदवार रिषड़ा नगरपालिका पहुंचे जहां उनका जोरदार स्वागत हुआ। इसके बाद तन्मय घोष ने रिषड़ा नगरपालिका के सभागार में चेयरमैन विजय सागर मिश्रा, वाइस चेयरमैन जाहिद हसन खान को लेकर रिसड़ा नगरपालिका के पार्षदों के साथ बैठक की। इस दौरान रिषड़ा नगरपालिका के पार्षदों ने संकल्प लिए कि वे अपने अपने वार्ड से तृणमूल कांग्रेस उम्मीदवार को ज्यादा से ज्यादा मतों से विजयी बनायेगें।

# चुनाव प्रचार के पहले दिन ही कैलाश मिश्रा को करना पड़ा विरोध का सामना

### तृणमूल उम्मीदवार ने 7 दिनों के भीतर समस्या के समाधान का दिया आश्वासन

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा जिले की बाली विधानसभा क्षेत्र से तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कैलाश मिश्रा को चुनाव प्रचार के पहले दिन ही जनता के गुस्सा का सामना पड़ गया। लिलुआ इलाके के लोगों ने लंबे वक्त से कचड़े से भरी सड़कों और पानी की कमी सहित कई समस्याओं को लेकर कड़ा विरोध जताया। इसके बाद, उन्होंने लोगों से समस्याओं के समाधान का वादा किया। लिलुआ क्षेत्र के लोगों ने लंबे समय से बाली विधायक या प्रशासक से कोई सेवा नहीं मिलने की शिकायत की। लोगों का कहना है कि पूरा शहर कचरे से भरा पड़ा है।



मुख्य सड़कें कचरे से ढकी हैं और पानी की भी समस्या है। और आम लोगों को इन सब के बीच अपना दिन गुजारना पड़ रहा है।

तृणमूल कांग्रेस के उम्मीदवार कैलाश मिश्रा ने पहले दिन वहीं खड़े होकर चुनाव प्रचार किया। जब क्षेत्र के लोगों ने उनके सामने अपना गुस्सा जाहिर किया, तो उन्होंने आश्वासन दिया कि 7 दिनों के भीतर कचरा साफ करा दिया जाएगा, जल निकासी की सफाई की जाएगी और फिर सड़क बनाने का काम शुरू होगा। उन्होंने कहा कि इस आश्वासन के बाद आम लोग राहत की सांस ले सकते हैं।

## जंगीपाड़ा विधानसभा : तृणमूल उम्मीदवार स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने पूजा कर शुरू किया प्रचार

**हुगली, समाज्ञा :** तृणमूल कांग्रेस ने जंगीपाड़ा विधानसभा सीट से एक बार फिर स्नेहाशीष चक्रवर्ती को उम्मीदवार बनाया है। उम्मीदवार घोषित होने के बाद उन्होंने बुधवार की सुबह राजबलहाट स्थित राजबल्लभी मंदिर में पूजा-अर्चना कर अपने चुनाव प्रचार की शुरुआत की। इस दौरान उनके साथ उनके पुत्र आंजिष्णु चक्रवर्ती भी मौजूद रहे। स्नेहाशीष चक्रवर्ती ने कहा कि वह हर चुनाव से पहले मंदिर में पूजा कर प्रचार अभियान शुरू करते हैं और इस बार भी उसी परंपरा को निभाया है। उन्होंने कहा कि तृणमूल कांग्रेस ने पूरे साल जनता के बीच रहकर काम किया है, लेकिन चुनाव की घोषणा के बाद लोगों के बीच जाकर उनसे सीधे संवाद करना जरूरी होता है। उन्होंने कहा कि 2011 से पहले



राज्य में वाममोर्चा सरकार के दौरान विकास का अभाव था, लेकिन पिछले वर्षों में मुख्यमंत्री ममता बनर्जी के नेतृत्व में राज्य में व्यापक विकास हुआ है। उन्होंने दावा किया कि जंगीपाड़ा क्षेत्र में बुनियादी ढांचे के विकास के साथ-साथ विभिन्न सरकारी योजनाओं का लाभ लोगों तक पहुंचा है। जो कार्य अभी अधूरे हैं, उन्हें आने वाले समय में पूरा किया जाएगा। इस दौरान पार्टी कार्यकर्ताओं और समर्थकों ने ढोल-नगाड़ों के साथ क्षेत्र में जुलूस निकालकर उम्मीदवार का स्वागत किया और प्रचार अभियान में भाग लिया।

## नाले से संदिग्ध हालात में लॉरी मालिक का शव बरामद, हत्या की आशंका

**हावड़ा, समाज्ञा :** हावड़ा के मालीपांचघड़ा थानांतर्गत धर्मतला रोड पर बुधवार सुबह एक युवक का शव मिलने से इलाके में सनसनी फैल गई। मृतक की पहचान विवेक पांडे(28) के रूप में हुई है, जो पेशे से लॉरी मालिक बताया जा रहा है। जानकारी के अनुसार, राहगीरों ने सड़क किनारे एक नाले में मुंह के बल पड़े युवक को देखा और इसकी सूचना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को बरामद कर टी.एल. जायसवाल स्टेट जनरल अस्पताल पहुंचाया, जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। मृतक के साथियों ने हत्या की आशंका जताई है। प्रारंभिक जांच में पुलिस का मानना है कि लॉरी से बैटरी चोरी करने आए चोरों के साथ युवक की धक्का-मुक्की में मौत हुई होगी। फिलहाल, इस मामले की जांच जारी है।

# यूपी/बिहार/झारखंड/राजस्थान

## कोटा एक्सप्रेसवे पर फ्लाईओवर से नीचे गिरी कार, तीन दोस्तों की मौत



**कोटा:** लद्दाख की सड़क यात्रा से लौटे पुणे के तीन दोस्तों की कार बुधवार को यहां दिल्ली-मुंबई एक्सप्रेसवे पर अनियंत्रित होकर पहले डिवाइडर से टकराई और फिर फ्लाईओवर से नीचे जा गिरी। इस हादसे में तीनों दोस्तों की मौके पर ही मौत हो गई। मृतक सिद्धांत अल्लात (21), कुणाल चोरडिया (25) और मयूरेवा पाडले (23) महाराष्ट्र के पुणे शहर के निवासी थे और लद्दाख व जम्मू कश्मीर की अपनी यात्रा से सात अन्य दोस्तों के साथ लौट रहे थे। कैथून थाना क्षेत्र के अंतर्गत बालापुरा गांव के पास पूर्वाह्न लगभग 10:30 बजे यह दुर्घटना हुई। दस सदस्यीय समूह 26 फरवरी को यात्रा के लिए रवाना हुआ था और ये सभी तीन कारों में सवार थे। बुधवार सुबह वापसी यात्रा के दौरान दो कार तो एक्सप्रेसवे पर एक विश्राम स्थल पर रुकीं, लेकिन तीसरी में सवार युवक नहीं ठहरें और घर के लिए यात्रा जारी रखीं। कैथून के थाना प्रभारी मनोज सिकरवाल ने बताया कि चालक को गाड़ी चलाते समय नींद आ गई, जिसके कारण वाहन सड़क से उतरकर डिवाइडर से टकराया और फिर फ्लाईओवर से नीचे गिर गया। अधिकारी ने बताया कि नीचे गिरते ही कार के परख़च्चे उड़ गए और उसमें सवार तीनों लोगों को गंभीर चोटें आईं। सभी को तत्काल स्थानीय अस्पताल ले जाया गया, जहां उन्हें मृत घोषित कर दिया गया। उन्होंने बताया कि शवों को कैथून के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के शवगृह में पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है और जांच जारी है।

## चंडीगढ़ के सेक्टर 22 बाजार में भीषण आग लगी, दमकलकर्मियों की 30 से अधिक गाड़ियां मौके पर भेजी




**चंडीगढ़:** चंडीगढ़ में बुधवार को शहर के सबसे व्यस्त व्यावसायिक क्षेत्रों में से एक, सेक्टर 22 में एक दुकान में आग लग गयी। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने बताया कि हादसे में अभी तक किसी के हताहत होने की खबर नहीं है। एक अधिकारी ने बताया कि आग पर काबू पाने में 30 दमकल गाड़ियों को तीन घंटे से अधिक का वक्त लग गया। उन्होंने बताया कि आग सबसे पहले एक फोटो लैब की दुकान की पहली मंजिल पर लगी और तेजी से दूसरी मंजिल तक फैल गई। शोरूम पूरी तरह से जलकर खाक हो गया। एक अधिकारी ने बताया कि दमकल बुझाने के लिए 30 से 35 दमकल गाड़ियां तैनात की गईं। उन्होंने बताया कि मोहाली (पंजाब), पंचकुला (हरियाणा) के अलावा वायुसेना से भी दमकल गाड़ियां मंगाई गयी। अधिकारी ने बताया कि दुकान में कोई रसायन मौजूद था, जिससे आग की तीव्रता बढ़ गई। इससे पहले, शोरूम से धुआं निकलता देखा गया, जबकि आसपास खड़े लोगों ने दूर से आग की लपटों को देखा। सेक्टर 22 का बाज़ार मोबाइल फोन और अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामानों का एक प्रसिद्ध केंद्र है। इस बाज़ार में प्रतिदिन ग्राहकों की भारी भीड़ रहती है। प्रमुख मोबाइल ब्रांड के अलावा, बाजार में मोबाइल मरम्मत की दुकानें और मोबाइल एक्सेसरीज भी उपलब्ध हैं।

# अंधविश्वास को सरकार के फैसलों पर हावी होने दिया : आदित्यनाथ



**लखनऊ:** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को उत्तर प्रदेश की पूर्ववर्ती सरकारों पर निशाना साधते हुए उन पर 'अपशकुन' और अंधविश्वास को सरकार के फैसलों पर हावी होने देने का आरोप लगाया और कहा कि वर्तमान सरकार ने राज्य में विकास को गति देने के लिए ऐसी मान्यताओं को तोड़ा है। मुख्यमंत्री ने अपनी सरकार के नौ साल पूरे होने के मौके पर लोक भवन में आयोजित एक कार्यक्रम में कहा, '2017 से पहले, यह माना जाता था कि जो लोग हमारे विश्वास को अंधविश्वास कहते थे, वे नोएडा नहीं जाते थे। वे नोएडा इसलिए नहीं जाते थे क्योंकि उन्हें लगता था कि अगर वे वहां गए तो उनकी सत्ता चली जाएगी।' उन्होंने कहा कि नोएडा के दौरे को मुख्यमंत्रियों के लिये 'अपशकुन' माना जाता था और ऐसी मान्यताओं ने विकास में कृत्रिम बाधाएं पैदा कीं। पदभार संभालने के बाद अपने खुद के फैसले का जिक्र करते हुए मुख्यमंत्री ने कहा, 'जब मुझे मुख्यमंत्री पद की जिम्मेदारी सौंपी गई तो मैंने कहा कि मैं नोएडा जाऊंगा। अगर इसकी वजह से बाद में मेरी कुर्सी चली जाती है, तो बेहतर है कि वह आज ही चली जाए, लेकिन मैं नोएडा जाऊंगा। अगर यह राज्य के लिए अच्छा है, तो मैं नोएडा जाऊंगा और नोएडा के विकास में आने वाली बाधाओं को दूर करूंगा।'

### प्रधानमंत्री से 28 मार्च को जेवर अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे के उद्घाटन का अनुरोध किया है: आदित्यनाथ

मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बुधवार को बताया कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी से 28 मार्च को जेवर में स्थित नोएडा अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे का उद्घाटन करने का अनुरोध किया गया है। आदित्यनाथ ने यहां एक कार्यक्रम में कहा कि हाल के वर्षों में उत्तर प्रदेश की हवाई कनेक्टिविटी काफी बढ़ी है। उन्होंने कहा, देश में कनेक्टिविटी के लिए, विशेष रूप से हवाई कनेक्टिविटी के लिए, उत्तर प्रदेश में आज 16 घरेलू हवाई अड्डे और चार अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डे हैं। देश का पांचवां अंतरराष्ट्रीय हवाई अड्डा जेवर में बन रहा है। हमने प्रधानमंत्री से 28 मार्च को इसका उद्घाटन करने का अनुरोध करते हुए उन्हें आमंत्रित किया है।

## राष्ट्रपति के दौरे के दौरान बंदरों को दूर रखने के लिए वन विभाग ने लगाए लंगूरों के कट आउट



**मथुरा (उप्र):** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू की बृहस्पतिवार को शुरू होने वाली तीन दिवसीय मथुरा-वृंदावन की यात्रा के लिए जिला प्रशासन की पुख्ता तैयारियों के बीच वृन्दावन व गोवर्द्धन में मौजूद उत्पाती बंदरों को दूर रखने के लिए वन विभाग ने लंगूरों के 'कट आउट' लगाये हैं। वृन्दावन की कुंज गलियों में स्थित मंदिरों के दर्शन के लिये पहुंचने वाले तीर्थयात्रियों को अक्सर वहां मौजूद उत्पाती बंदरों की वजह से परेशानी होती है। पलक झपकते ही वे बंदर उनके चश्मे, खाने-पीने का सामान, मोबाइल फोन, पर्स आदि बहुमूल्य वस्तुएं झपट लेते हैं। ऐसे में, राष्ट्रपति को किसी प्रकार की अप्रिय स्थिति से बचाने के लिए वन विभाग ने लंगूरों के कट-आउट लगाए हैं। वन रेंजर अतुल तिवारी ने बुधवार को संवाददाताओं को बताया कि चूंकि वन्य जीव संरक्षण अधिनियम 1972 के तहत अब बंदरों को किसी भी स्थान विशेष से दूर रखने के लिए पहले की तरह लंगूरों का इस्तेमाल नहीं किया जा सकता, इसलिए उनके कट आउट का इस्तेमाल किया जाता है।

## चतरा में टीएसपीसी के पांच माओवादी गिरफ्तार, खूंटी में पीएलएफआई सदस्य ने आत्मसमर्पण किया

**चतरा (झारखंड):** झारखंड के चतरा जिले में बुधवार को प्रतिबंधित माओवादी संगठन तृतीय सम्मेलन प्रस्तुति कमेटी (टीएसपीसी) के पांच सदस्यों को गिरफ्तार किया गया और उनके पास से गोला-बारूद एवं हथियार बरामद किए गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि पीपुल्स लिबरेशन फ्रंट ऑफ इंडिया (पीएलएफआई) के एक ''एरिया कमांडर'' ने खूंटी में आत्मसमर्पण कर दिया। उसपर एक लाख रुपये का इनाम था। टीएसपीसी और पीएलएफआई सीपीआई (माओवादी) से अलग होकर बने गुट हैं। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि चतरा के पुलिस अधीक्षक (एसपी) सुमित अग्रवाल को सूचना मिली थी कि टीएसपीसी के कुछ सदस्य पिपरवार थाना क्षेत्र के अंतर्गत बेंटी मैदान के पास किसी विध्वंसक गतिविधि को अंजाम देने के लिए इकट्ठा हुए हैं, जिसके बाद संदिग्धों को गिरफ्तार कर लिया गया। तंडवा के अनुमंडल पुलिस अधिकारी (एसडीपीओ) प्रभात रंजन बरवार ने बताया, ''संदिग्धों के पास से छह मोबाइल फोन, एक देसी पिस्तौल, दो कारतूस, 10 पर्चे और चोरी की एक मोटरसाइकिल बरामद की गई है।'

## बिहार: समृद्धि यात्रा के दौरान मुख्यमंत्री ने जमुई में 914 करोड़ रुपये की परियोजनाओं की शुरुआत की




**पटना:** बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने बुधवार को समृद्धि यात्रा के दौरान जमुई जिले के लघुआड़ में 914 करोड़ रुपये की लागत वाली कुल 370 योजनाओं का रिमोट के माध्यम से उद्घाटन व शिलान्यास किया। इनमें 602 करोड़ रुपये की लागत वाली 181 योजनाओं का उद्घाटन तथा 312 करोड़ रुपये की लागत वाली 189 योजनाओं का शिलान्यास शामिल है। मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) द्वारा जारी बयान के अनुसार, निरीक्षण के दौरान अधिकारियों ने मुख्यमंत्री को बताया कि कुंडघाट जलाशय क्षेत्र में वर्षा के दिनों में आसपास के पहाड़ों और जंगलों का पानी संग्रहित किया जाएगा, जिसका उपयोग सिंचाई के लिए किया होगा। बयान में कहा गया है कि इस योजना से क्षेत्र के किसानों को काफी लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने समृद्धि यात्रा के दौरान घोषित विकास एवं जनकल्याणकारी योजनाओं की प्रस्तुति का अवलोकन किया और उनके क्रियान्वयन की प्रगति के संबंध में अधिकारियों से विस्तृत जानकारी ली।

## सेना और महावीर कैंसर अस्पताल के बीच एमओयू, कैंसर पीड़ित सैनिकों और परिजन का होगा मुफ्त इलाज

**जयपुर:** भारतीय सेना और भगवान महावीर कैंसर अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र ने पूर्व सैनिकों, युद्ध में जान गंवाने वाले सैनिकों की पत्नियों और उनके आश्रितों के लिए स्वास्थ्य सेवाएं सुदृढ़ बनाने के लिए एक सहमति पत्र (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए हैं। सेना की सप्त शक्ति कमांड के कमांडर मंजिंदर सिंह की मौजूदगी में एमओयू पर हस्ताक्षर किए गए, जो सशस्त्र बलों और चिकित्सा संस्थानों के बीच सहयोग को मजबूत बनाने की दिशा में एक अहम कदम है। समझौते के तहत जरूरत पड़ने पर अस्पताल की ओर से सेवारत सैन्यकर्मियों और उनके परिजन को कैंसर होने की स्थिति में मुफ्त उपचार उपलब्ध कराया जाएगा।

## न्यूज अपडेट

### औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है राजस्थान : मुख्यमंत्री भजनलाल



**जयपुर:** राजस्थान के मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने बुधवार को कहा कि उद्योग व निवेश आर्थिक समृद्धि के सबसे बड़े माध्यम हैं और उद्यमी अपने व्यवसाय को बढ़ाने के साथ ही राजस्थान की अर्थव्यवस्था को गति दे रहे हैं। राजस्थान दिवस के अवसर पर राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में आयोजित उद्यमी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए शर्मा ने कहा कि राज्य सरकार ने निरंतर नीतिगत सुधारों के जरिये उद्योगों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार किया है, जिससे राजस्थान औद्योगिक विकास का नया अध्याय लिख रहा है। मुख्यमंत्री ने उद्यमियों से राज्य में निवेश करने, नए उद्योग स्थापित करने और विकसित भारत की परिकल्पना के अनुरूप विकसित राजस्थान के लक्ष्य को हासिल करने की यात्रा में भागीदार बनने की अपील की। इस अवसर पर उन्होंने तीन नयी नीतियों राजस्थान औद्योगिक पार्क प्रोत्साहन नीति, राजस्थान एयरोस्पेस एंड रक्षा नीति और राजस्थान सेमीकंडक्टर नीति की शुरुआत की, जिनका उद्देश्य औद्योगिक विकास को बढ़ावा देना और निवेश आकर्षित करना है।

### उत्तर प्रदेश के एटा में तेज रफ्तार कार की चपेट में आने से तीन लोगों की मौत

**एटा (उप्र):** उत्तर प्रदेश के एटा जिले में बुधवार को हुए सड़क हादसे में तीन लोगों की मौत हो गई जबकि एक अन्य व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने बताया कि सकरौली थाना क्षेत्र के बालगढ़ी के पास जलेसर से रजावली की तरफ जा रही एक तेज रफ्तार कार के चालक ने सड़क किनारे पैदल जा रहे एक युवक को बचाने का प्रयास करते समय वाहन पर से नियंत्रण खो दिया और कार ने एक मोटरसाइकिल को टक्कर मारने के बाद एक पैदल यात्री को रौंद दिया। पुलिस के अनुसार टक्कर इतनी जोरदार थी कि मोटरसाइकिल के परखच्चे उड़ गए और कार भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। पुलिस ने बताया कि हादसे में तीन लोगों बबलू शर्मा (32), रचना (30) और दिगंबर (55) की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि कार चालक सतेंद्र गंभीर रूप से घायल हो गया। पुलिस ने कहा कि घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस घटनास्थल पर पहुंची और ग्रामीणों की मदद से शवों को बाहर निकलवाया।

### राज्यसभा चुनाव मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे कांग्रेस के तीन विधायकों से जवाब तलब

**पटना:** बिहार कांग्रेस ने राज्यसभा चुनाव मतदान के दौरान अनुपस्थित रहे पार्टी के तीन विधायकों से स्पष्टीकरण मांगा है। बिहार प्रदेश कांग्रेस अनुशासन समिति के अध्यक्ष कपिलदेव प्रसाद यादव ने बुधवार को कांग्रेस विधायक मनोहर प्रसाद सिंह, सुरेन्द्र प्रसाद और मनोज विश्वास को नोटिस जारी कर दो दिन में जवाब देने के लिए कहा। उन्होंने कहा कि 16 मार्च को हुए राज्यसभा चुनाव के मतदान के दौरान ये विधायक अनुपस्थित रहे, जिसकी वजह से महागठबंधन को हार का सामना करना पड़ा।

### बिहार विद्युत विनियामक आयोग सभी श्रेणियों में प्रति यूनिट 35 पैसे की वृद्धि का प्रस्ताव खारिज किया

**पटना:** बिहार विद्युत विनियामक आयोग (बीईआरसी) ने राज्य के 2.22 करोड़ बिजली उपभोक्ताओं को बड़ी राहत देते हुए बुधवार को घोषणा की कि वित्त वर्ष 2026-27 के लिए सभी श्रेणियों में बिजली दरों में कोई वृद्धि नहीं की जाएगी। आयोग ने दोनों वितरण कंपनियों 'नॉर्थ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड' (एनबीपीडीसीएल) और 'साउथ बिहार पावर डिस्ट्रीब्यूशन कंपनी लिमिटेड' (एसबीपीडीसीएल) द्वारा सभी श्रेणियों में प्रति यूनिट 35 पैसे की वृद्धि के प्रस्ताव को खारिज कर दिया। आयोग के अध्यक्ष आमिर सुब्हानी और सदस्य परशुराम सिंह यादव तथा अरुण कुमार सिन्हा की पूर्ण पीठ ने वितरण कंपनियों और अन्य विद्युत कंपनियों- ट्रांसमिशन कंपनी, बिहार ग्रिड कंपनी और एसएलडीसी- की याचिकाओं पर वित्त वर्ष 2026-27 के लिए शुल्क आदेश जारी किया।

### राजस्थान के जालोर में रसायन से भरा टैंकर पलटने से लगी आग, चालक जिंदा जला

**जयपुर:** राजस्थान के जालोर जिले में राष्ट्रीय राजमार्ग-68 पर बुधवार को रसायन से भरा टैंकर पलटने के बाद आग लगने पर टैंकर चालक जिंदा जल गया, जबकि साथ बैठा उसका भाई समय रहते कूद गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि हादसा सिणवाड़ा ओवरब्रिज के पास जैसलमेर-जामनगर राजमार्ग पर हुआ, जब बाड़मेर से सांचौर जा रहा टैंकर पलटने से उसमें भरा रसायन फैल गया और आग लग गई।

## शैनन में फंसे यात्रियों को दिल्ली लाने के लिए एअर इंडिया की विशेष उड़ान का संचालन

**नयी दिल्ली :** आयरलैंड के शैनन शहर में दो दिनों से अधिक समय से फंसे यात्रियों को लेकर एअर इंडिया की एक विशेष उड़ान बुधवार दोपहर दिल्ली के लिए रवाना हुई। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। सोमवार को, न्यूयॉर्क से दिल्ली आ रहे एयरलाइन के ए350 विमान को तकनीकी खराबी के कारण शैनन की ओर मोड़ दिया गया था। विमान को हवाई अड्डे पर उतारा गया और यात्री एवं चालक दल आयरलैंड के इस शहर में फंस गए। अधिकारी ने बताया कि यह विशेष उड़ान ज्यूरिख से शैनन के लिए उड़ान भरने वाले बोइंग 787 विमान द्वारा संचालित की जा रही है। अधिकारी ने बताया कि उड़ान ने बुधवार दोपहर आयरलैंड के शैनन शहर से उड़ान भरी।

## दिल्ली में दो अवैध एलपीजी भंडारण इकाइयों का भंडाफोड़, 269 सिलेंडर जब्त, छह गिरफ्तार

**नयी दिल्ली :** दिल्ली पुलिस ने बुधवार को शहर में कई अवैध एलपीजी भंडारण और 'रिफिलिंग' (सिलेंडर भरने वाली) इकाइयों का भंडाफोड़ किया जिसमें अलग-अलग अभियानों में कुल 269 सिलेंडर जब्त किए गए और छह लोगों को गिरफ्तार किया गया। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। दक्षिण दिल्ली के राजपुर खुर्द में पुलिस ने एक अवैध एलपीजी भंडारण इकाई का भंडाफोड़ किया जिसमें दो लोगों को गिरफ्तार किया गया और परिसर से 223 सिलेंडर जब्त किए गए। उन्होंने बताया कि आरोपी हितेश राठी (38) और अरविंद कुमार (40) कथित तौर पर वैध लाइसेंस के बिना इकाई का संचालन कर रहे थे।

## छत्तीसगढ़ के कोरबा में सड़क हादसों में एक महिला और उसकी नातिन समेत पांच लोगों की मौत

**कोरबा :** छत्तीसगढ़ के कोरबा जिले में अलग-अलग हादसों में पांच लोगों की मौत हो गई। पुलिस अधिकारियों ने बुधवार को यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि जिले के पाली थाना क्षेत्र में सड़क हादसे में तीन लोगों की तथा जटगा चौकी क्षेत्र में दो लोगों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि बुधवार सुबह लगभग नौ बजे जिले के पाली थाना क्षेत्र के अंतर्गत नुनेरा-दीपका मार्ग पर कोयले से लदा एक ट्रेलर मोटरसाइकिल के उपर पलट गया, जिसकी वजह से पोटापानी गांव के निवासी तीन युवक बृजपाल सिंह कंवर (26), मंगल सिंह (28) और ओमप्रकाश (24) की मौके पर ही मौत हो गई।

## भाजपा ने पाकिस्तान के अफगान हमले को 'घृणित' बताया और अंतरराष्ट्रीय कार्रवाई की मांग की

**श्रीनगर :** भारतीय जनता पार्टी ने बुधवार को अफगानिस्तान में पाकिस्तान द्वारा किए गए हालिया हमले की निंदा की, जिसके परिणामस्वरूप 400 से अधिक लोगों की जान चली गई और कई अन्य घायल हो गए। इस पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए भाजपा प्रवक्ता अल्ताफ ठाकुर ने अंतरराष्ट्रीय समुदाय से पाकिस्तान के खिलाफ कड़ी कार्रवाई करने का आह्वान किया। ठाकुर ने इस्लामिक सहयोग संगठन (ओआईसी), जिसका पाकिस्तान सदस्य है, से इस्लामाबाद की कार्रवाई की सर्वसम्मति से निंदा करने और देश को समूह से निष्कासित करने का आग्रह किया। ठाकुर ने कहा, यह विडंबना है कि पाकिस्तान, जो खुद को मुस्लिम हितों का रक्षक बताता है, उसने अफगानिस्तान में लोगों पर, खासकर रमजान के पवित्र महीने के दौरान, इस तरह का 'जघन्य' हमला किया है।

## एनएचआरसी ने विवादास्पद गीत को लेकर सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय, सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया

**नयी दिल्ली :** एक विवादास्पद गीत ''सरके चुनर'' के बोल में कथित रूप से ''अश्लील, यौन उत्तेजक और द्विअर्थी'' शब्दों के इस्तेमाल को लेकर मिली शिकायत के मद्देनजर राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग (एनएचआरसी) ने सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय और सेंसर बोर्ड को नोटिस जारी किया है। शिकायत में आरोप लगाया गया है कि गीत के बोल आम जनता, विशेषकर बच्चों के लिए अनुपयुक्त हैं।

# स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों में नल से जल उपलब्ध कराने में राजस्थान, बंगाल पीछे : संसदीय समिति

**नयी दिल्ली :** संसद की एक समिति ने स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में नल से जल उपलब्ध कराने में राजस्थान और पश्चिम बंगाल के पिछड़ने का उल्लेख करते हुए केंद्र से इन राज्यों के साथ समन्वय करने तथा काम में तेजी लाने का आग्रह किया है। संसद में पेश अपनी रिपोर्ट में, जल संसाधन संबंधी स्थायी संसदीय समिति ने कहा कि स्कूलों, आंगनवाड़ी केंद्रों और आश्रमशालाओं जैसे संस्थानों में नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराना जल जीवन मिशन का एक प्रमुख घटक है, जिसका बच्चों के स्वास्थ्य, सीखने की क्षमता और समग्र कल्याण पर सीधा प्रभाव पड़ता है। समिति ने अपनी रिपोर्ट में बताया



कि 11 फरवरी 2026 तक देश भर में 9,23,297 (89.62 प्रतिशत) स्कूलों और 9,66,876 (85.60 प्रतिशत) आंगनवाड़ी केंद्रों में पेयजल कनेक्शन उपलब्ध कराया जा चुका है। हालांकि, समिति ने पाया कि कुछ राज्यों, विशेषकर राजस्थान में, कार्य की गति तेज करने की आवश्यकता है क्योंकि केवल 57.75 प्रतिशत स्कूलों में ही नल से पानी पहुंचाया जा सका है। इसी प्रकार, पश्चिम बंगाल में 1,11,074 आंगनवाड़ी केंद्रों में से केवल 41,895 (37.72 प्रतिशत) को ही नल से जल के कनेक्शन उपलब्ध कराए गए हैं, जबकि राजस्थान में इसका दायरा 53.67 प्रतिशत है। यह देखते हुए कि बच्चे विशेष रूप से जलजनित बीमारियों के प्रति संवेदनशील होते हैं तथा वे स्कूलों और आंगनवाड़ी केंद्रों में काफी समय बिताते हैं, समिति ने पिछड़े राज्यों के साथ समन्वय में काम करने का पेयजल और स्वच्छता विभाग से आग्रह किया है। समिति ने केंद्रीय नोडल अधिकारियों द्वारा पाई गई गंभीर कमियों की ओर भी इशारा किया, जिनमें मणिपुर और गुजरात के ऐसे मामले शामिल हैं, जहां कागजों पर तो योजनाएं दिखती हैं लेकिन जलापूर्ति की व्यवस्था जमीनी स्तर पर मौजूद नहीं हैं।

## हमारे पास 34 ध्रुव, 180 तेजस एमके1ए, 156 प्रचंड की आपूर्ति का ऑर्डर है: एचएएल

**नयी दिल्ली :** रक्षा विनिर्माण क्षेत्र के प्रमुख सरकारी उपक्रम हिंदुस्तान एयरोनॉटिक्स लिमिटेड (एचएएल) ने रक्षा संबंधी संसद की स्थायी समिति को बताया है कि वर्तमान में उसके पास सशस्त्र बलों को 34 ध्रुव, 180 एलसीए तेजस एमके-1ए विमान और 156 प्रचंड लड़ाकू हेलीकॉप्टरों की आपूर्ति का ऑर्डर है। एलसीए मार्क 1ए अल्फा पर एचएएल ने रक्षा समिति को यह भी सूचित किया, हमारे पास पांच विमान तैयार हैं। एचएएल के मुख्य प्रबंध निदेशक ने समिति को बताया, हमने रडार और डीडब्ल्यूयू के एकीकरण को सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। हमने हवा से हवा में मार करने वाली मिसाइलों का परीक्षण भी सफलतापूर्वक पूरा कर लिया है। रिपोर्ट में कहा गया है, तेजस मार्क 1 अल्फा (एमके-1ए) के लिए ये परीक्षण सफल रहे हैं।

## प्रधानमंत्री मोदी ने कुवैत के युवराज से बात की

**नयी दिल्ली :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने बुधवार को कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह के साथ पश्चिम एशिया में उभरती स्थिति पर विचार-विमर्श किया और कहा कि होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध नौवहन सुनिश्चित करना सर्वोपरि प्राथमिकता बनी हुई है। दोनों नेताओं ने टेलीफोन पर हुई बातचीत में क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क बनाये रखने की आवश्यकता पर सहमति जताई। मोदी ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''मैंने कुवैत के युवराज शेख सबाह अल-खालिद अल-हमद अल-मुबारक अल-सबाह से बात की और उन्हें ईद की शुभकामनाएं दीं।'' उन्होंने कहा, ''हमने पश्चिम एशिया में बदलती स्थिति पर विचारों का आदान-प्रदान किया और हाल के घटनाक्रम को लेकर चिंता व्यक्त की।'' प्रधानमंत्री



मोदी ने कुवैत की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता पर हमलों की निंदा की। उन्होंने कहा, ''होर्मुज जलडमरूमध्य से सुरक्षित और निर्बाध आवागमन सुनिश्चित करना हमारी सर्वोच्च प्राथमिकता है। हम इस बात पर सहमत हुए कि क्षेत्रीय शांति और स्थिरता के लिए निरंतर राजनयिक संपर्क आवश्यक है।'' मोदी ने कुवैत में भारतीय समुदाय की सुरक्षा और कल्याण के लिए निरंतर समर्थन देने के वास्ते युवराज को धन्यवाद भी दिया।

## वंदे भारत ट्रेन पर पत्थर फेंकने वालों को हाई-रिजोल्यूशन कैमरों, एआई की मदद से पकड़ा गया: वैष्णव

**नयी दिल्ली :** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बुधवार को लोकसभा में कहा कि वंदे भारत ट्रेन में लगाए गए हाई-रिजोल्यूशन कैमरों और कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) तकनीक की मदद से अधिकारियों को उत्तर प्रदेश के मुजफ्फरनगर में ट्रेन पर पत्थर फेंकने वाले लोगों को पकड़ने में मदद मिली। वैष्णव ने प्रश्नकाल में पूरक प्रश्नों का उत्तर देते हुए कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में अनेक सुरक्षा विशेषताएं हैं, जिनमें एक डिब्बे के दूसरे पर चढ़ने से रोकने का भी सुरक्षा उपाय शामिल है। उन्होंने कहा कि वंदे भारत ट्रेनों में ''हाई रिजोल्यूशन कैमरे लगे हुए हैं। हाल में मुजफ्फरनगर की एक घटना में, वंदे भारत ट्रेन पर



पत्थर फेंकने वाले की कैमरे में रिकॉर्ड हुई एक बहुत छोटी सी तस्वीर और एआई तकनीक की मदद से उसे पकड़ने में हम कामयाब रहे। इससे हमें उस घर तक पहुंचने में मदद मिली, जहां व्यक्ति (आरोपी) रह रहा था।''

## कांग्रेस सांसद प्रद्युत बोरदोलोई भाजपा में शामिल

### शर्मा का दावा- अभी और विपक्षी नेता पाला बदलेंगे


**नयी दिल्ली/गुवाहाटी :** कांग्रेस नेता एवं लोकसभा सदस्य प्रद्युत बोरदोलोई असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा और भारतीय जनता पार्टी के अन्य नेताओं की मौजूदगी में बुधवार को यहां भाजपा में शामिल हो गए। बोरदोलोई ने कांग्रेस से मंगलवार को इस्तीफा दे दिया था। भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने औपचारिक रूप से बोरदोलोई को पार्टी में शामिल किया और उन्हें पटका और टोपी पहनाकर सम्मानित किया। पांच दशक से अधिक समय तक कांग्रेस सदस्य रहे बोरदोलोई ने दावा किया कि पिछले दो वर्षों से उन्हें पार्टी में अपमान का सामना करना पड़ रहा था, जिसके कारण उन्हें इस्तीफा देने पर मजबूर होना पड़ा। उन्होंने कहा



कि भाजपा के नेतृत्व वाली राज्य सरकार द्वारा किए जा रहे सकारात्मक कार्यों ने उन्हें सत्तारूढ़ दल को चुनने के लिए प्रेरित किया। असम के मुख्यमंत्री ने राष्ट्रीय राजधानी में संवाददाताओं से कहा, ''भाजपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष नितिन नवीन ने बोरदोलोई के पार्टी में शामिल होने को मंगलवार को मंजूरी दी। हमारे प्रदेश अध्यक्ष दिलीप सैकिया ने उनका पार्टी में स्वागत किया।''

## बदरीनाथ मास्टर प्लान का पहला चरण पूरा

**गोपेश्वर :** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की महत्वाकांक्षी परियोजना के रूप में बदरीनाथ धाम में मास्टर प्लान के तहत पहले चरण का निर्माण कार्य पूरा कर लिया गया है और दूसरे चरण का कार्य शुरू हो चुका है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि चमोली जिले में स्थित भगवान विष्णु के धाम बदरीनाथपुरी में 440 करोड़ रुपये की लागत से पिछले पांच साल से बुनियादी सुविधाओं को बेहतर बनाने के लिए निर्माण कार्य जारी है जिसका पहला चरण पूरा हो गया है। मास्टर प्लान का कार्य कर रहे लोक निर्माण विभाग (पीडब्लूडी) की परियोजना प्रबंधन यूनिट (पीएमयू) के अधिशासी अभियंता योगेश मनराल



ने बताया कि धाम में यातायात, तीर्थयात्रियों की पैदल आवाजाही, पथ प्रकाश, व्यावसायिक प्रतिष्ठानों को सुव्यवस्थित करने, नदी तटों की सुरक्षा, सीवर निस्तारण के साथ ही धाम की सुरक्षा और पार्किंग सहित सभी कार्य का लक्ष्य निर्धारित करते हुए तेजी से निर्माण कार्य किए जा रहे हैं जिससे बदरीनाथ धाम का दिव्य और भव्य स्वरूप आकार लेने लगा है।

## 'उद्योग' की परिभाषा पर हमारा फैसला 1947 अधिनियम के तहत मौजूदा मामलों पर लागू होगा : न्यायालय



**सहारनपुर :** नयी दिल्ली : सुप्रीम कोर्ट की नौ जज की संविधान पीठ ने बुधवार को कहा कि 1978 के उस फैसले की वैधता पर दिया गया उसका निर्णय अब निरस्त हो चुके औद्योगिक विवाद अधिनियम, 1947 के तहत मौजूद मामलों पर लागू होगा। सुप्रीम कोर्ट का निर्णय श्रम संबंधों को नियंत्रित करने के लिए 'उद्योग' शब्द की व्यापक व्याख्या प्रदान करता है। मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत और न्यायमूर्ति बी. वी. नागरत्ना, पी. एस. नरसिम्हा, दीपांकर दत्ता, उज्जल भुइयां, सतीश चंद्र शर्मा, जॉयमाल्य बागची, आलोक अराधे और विपुल एम. पंचोली की नौ जज की पीठ 1947 के अधिनियम के तहत 'उद्योग' शब्द को परिभाषित करने के विवादास्पद मुद्दे पर दलीलें सुन रही है। सुनवाई के दौरान जस्टिस नागरत्ना ने कहा कि अब जो कुछ भी कहा जाएगा, वह पुराने कानून के तहत चल रहे मौजूदा मामलों पर भी लागू होगा। संक्षेप में कहें तो, बात बस इतनी ही है। यह टिप्पणी इसलिए महत्वपूर्ण है, क्योंकि कुछ वकीलों ने नौ जज की पीठ को यह मामला सौंपे जाने (रेफ्रेंस) पर यह कहते हुए सवाल उठाया था कि 1947 का कानून अब रह चुका है। इसके बजाय, अब 'औद्योगिक संबंध संहिता, 2020' लागू है, जो 2025 से प्रभावी हुई है। 21 फरवरी, 1978 को, सात जज की एक पीठ ने बेंगलुरु जल आपूर्ति और सीवरेज बोर्ड की याचिका पर फैसला सुनाते हुए 'उद्योग' शब्द की परिभाषा पर फैसला सुनाया और परिभाषा का विस्तार किया। इससे अस्पतालों, शैक्षणिक संस्थानों, क्लबों और सरकारी कल्याण विभागों में लाखों कर्मचारी औद्योगिक विवाद (आईडी) अधिनियम, 1947 के तहत आए।

## परियोजनाएं तीन साल से अधिक विलंबित: गडकरी

**नयी दिल्ली :** सरकार ने बुधवार को राज्यसभा को बताया कि निर्माणाधीन 85 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं कानूनी और भूमि अधिग्रहण संबंधी मुद्दों सहित विभिन्न कारणों से तीन साल से अधिक विलंबित हैं। सड़क, परिवहन और राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी ने एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी। उन्होंने कहा कि सरकार ने विलंब और लागत में वृद्धि से बचने के लिए विभिन्न पहल की हैं। गडकरी ने कहा, ''उपलब्ध आंकड़ों के अनुसार वर्तमान में, निर्माणाधीन 85 राष्ट्रीय राजमार्ग परियोजनाएं भूमि अधिग्रहण, वैधानिक मंजूरी, उपयोगिता



स्थानांतरण, अतिक्रमण और कानून व्यवस्था संबंधी मुद्दों जैसी विभिन्न समस्याओं के कारण तीन साल से अधिक विलंबित हैं।'' उन्होंने कहा कि अन्य कारणों में ठेकेदार की कार्यान्वयन क्षमता को प्रभावित करने वाला वित्तीय संकट, ठेकेदार का खराब प्रदर्शन और कोविड-19 महामारी, कानून में परिवर्तन जैसी अप्रत्याशित घटनाएं शामिल हैं।

## एमएसपी पर कांग्रेस के 'हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और': शिवराज चौहान

**नयी दिल्ली :** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने फसलों के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के मुद्दे पर लोकसभा में कांग्रेस सदस्यों के हमले को लेकर पलटवार करते हुए बुधवार को कहा कि इस विषय पर मुख्य विपक्षी दल के ''हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और'' हैं। उन्होंने सदन में वर्ष 2026-27 के लिए कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय के नियंत्रणाधीन अनुदान की मांगों पर चर्चा का जवाब देते हुए कहा कि कांग्रेस नीत (पूर्ववर्ती) सरकार ने लागत पर 50 प्रतिशत के फार्मूले के आधार पर एमएसपी देने से इनकार कर दिया था, लेकिन नरेन्द्र मोदी सरकार ने किसानों को यह दिया है। चौहान ने कहा, ''कई मित्र (सदस्य) एमएसपी की बात कर रहे थे। आपने (कांग्रेस) कितनी एमएसपी दी थी? क्या दृष्टिकोण था? स्वामीनाथन आयोग ने जब



लागत पर 50 प्रतिशत अतिरिक्त जोड़कर एमएसपी देने की सिफारिश की थी तो (तत्कालीन) संप्रग सरकार ने कहा था कि यह नहीं हो सकता।'' उन्होंने कटाक्ष करते हुए कहा, ''इनके हाथी के दांत खाने के और, दिखाने के और हैं। क्या ये एमएसपी पर छाती पीट रहे हैं।''

## मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर कंटेनर ट्रेलर के कार पर पलटने से तीन की मौत, पांच घायल



**मुंबई :** मुंबई-पुणे एक्सप्रेसवे पर बुधवार सुबह एक कंटेनर ट्रेलर के कई वाहनों से टकराने और एक कार पर पलट जाने से तीन लोगों की मौत हो गई जबकि पांच अन्य घायल हो गए। पुलिस ने यह जानकारी दी। खोपोली पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि मृतकों की पहचान अंबदास दामू पेतारे, श्रीकांत अनंत जाधव और प्रमोद शंकर पवार के रूप में हुई है। ये सभी उस इनोवा कार में सवार थे जो इस हादसे में बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई। वहीं, घायलों में नवनाथ भुजबल (32), अक्षय गायकवाड (31), भानुदास गायकवाड (27), स्वप्निल भुजबल (36) और अवधेश यादव (37) शामिल हैं।

## एअर इंडिया विमान दुर्घटना में क्षतिग्रस्त अहमदाबाद मेडिकल कॉलेज के छात्रावास का पुनर्निर्माण होगा

**गांधीनगर :** गुजरात सरकार ने अहमदाबाद शहर के बीजे मेडिकल कॉलेज में विमान हादसे में क्षतिग्रस्त छात्रावास के स्थान पर एक नया छात्रावास परिसर बनाने का फैसला किया है। नौ माह पहले एअर इंडिया की एआई-171 उड़ान के दुर्घटनाग्रस्त होने से यह छात्रावास क्षतिग्रस्त हो गया था। अधिकारियों ने बुधवार को बताया कि मेघानीनगर इलाके में 12 जून, 2025 की भयावह घटना के बाद खाली हुई मौजूदा इमारत को गिरा दिया जाएगा और उसकी जगह 103 करोड़ रुपये की अनुमानित लागत से एक नया, बड़ा छात्रावास परिसर बनाया जाएगा। उन्होंने बताया कि टाटा समूह ने पुनर्निर्माण के लिए 53 करोड़ रुपये दिए हैं जिसका एअर



इंडिया पर स्वामित्व है। स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण विभाग के अतिरिक्त मुख्य सचिव राजीव टोपनो ने बुधवार को कहा, हमने छात्रावास के पुनर्निर्माण का निर्णय लिया है। टाटा समूह ने हमें आश्वासन दिया था कि वे नुकसान की भरपाई करेंगे और उन्होंने वादा की गई धनराशि जमा कर दी है। यह पिछले महीने के बजट में विभाग के लिए किए गए आवंटन के संबंध में गुजरात के स्वास्थ्य मंत्री प्रफुल पंशेरिया के साथ एक संवाददाता सम्मेलन को संबोधित कर रहे थे।

## 'आईओएस सागर' का दूसरा संस्करण शुरू

नयी दिल्ली : समुद्री क्षेत्र में अपने पड़ोसी देशों के साथ मजबूत संबंध बनाने की भारत की प्रतिबद्धता को दर्शाने वाला 'इंडियन ओशन शिप (आईओएस) सागर' मिशन का दूसरा संस्करण शुरू हो गया है। अधिकारियों ने यह जानकारी दी। नौसेना के एक प्रवक्ता ने बुधवार को कहा कि यह पहल भारत के दीर्घकालिक सामुद्रिक सहयोग के प्रयासों पर आधारित है और सरकार के 'क्षेत्र में सभी के लिए सुरक्षा और विकास' (सागर) के संबंध में दृष्टिकोण को दर्शाती है। उन्होंने कहा, ''हिंद महासागर क्षेत्र में सहयोगात्मक समुद्री सुरक्षा के प्रति भारत की प्रतिबद्धता की पुष्टि करते हुए, आईओएस सागर की 16 मार्च को शुरुआत हुई। फरवरी 2026 में भारतीय नौसेना ने हिंद महासागर नौसेना सिम्पोजियम (आईओएनएस) की अध्यक्षता ग्रहण की थी। इसलिए, इस आयोजन में हिंद महासागर क्षेत्र (आईओआर) के 16 आईओएनएस देशों की भागीदारी शामिल है।'' आईओएस सागर एक अद्वितीय संचालन सहभागिता कार्यक्रम है जो मित्र देशों के नौसैनिकों को भारतीय नौसेना के जहाज पर एक साथ प्रशिक्षण और नौकायन करने में सक्षम बनाता है। नौसेना ने कहा कि वर्तमान आयोजन के हिस्से के रूप में, 16 मित्र देशों के नौसैनिक इस कार्यक्रम में भाग लेंगे।

# सभापति ने राज्यसभा के सेवानिवृत्त हो रहे सांसदों के लिए विदाई भोज का आयोजन

**नयी दिल्ली :** राज्यसभा के सभापति सीपी राधाकृष्णन ने उच्च सदन के सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों के लिए, बुधवार को उपराष्ट्रपति एन्क्लेव में विदाई समारोह का आयोजन किया और विश्वास व्यक्त किया कि उनका अनुभव सार्वजनिक जीवन में उनका मार्गदर्शन करता रहेगा। पिछले साल कुल 26 सदस्य सेवानिवृत्त हुए, जबकि इस वर्ष 73 सदस्य सेवानिवृत्त हो चुके हैं या सेवानिवृत्त हो रहे हैं, जिनमें उपसभापति हरिवंश भी शामिल हैं। संसदीय कार्य मंत्री और विदाई कार्यक्रम आयोजन समिति के संयोजक किरेन रिजीजू ने सभापति राधाकृष्णन और अन्य गणमान्य



व्यक्तियों का स्वागत किया। समारोह को संबोधित करते हुए राधाकृष्णन ने हर दो साल में सदन के एक तिहाई सदस्यों के सेवानिवृत्त होने की अनूठी संसदीय परंपरा पर प्रकाश डाला और कहा कि यह निरंतरता और परिवर्तन दोनों को दर्शाती है। उन्होंने सेवानिवृत्त होने वाले सदस्यों के योगदान की सराहना करते हुए कहा कि उनकी बुद्धिमत्ता, वाद-विवाद और सार्वजनिक सेवा के प्रति प्रतिबद्धता ने सदन के कामकाज को समृद्ध किया और लोकतांत्रिक मूल्यों को मजबूत बनाया है। राधाकृष्णन ने सेवानिवृत्त हो रहे सदस्यों को स्मृति चिह्न भेंट किए। इस अवसर पर एक सांस्कृतिक कार्यक्रम भी आयोजित किया गया, जिसमें शास्त्रीय संगीत

## अवैध रूप से रहने और मानव तस्करी के आरोप में दो बांग्लादेशी नागरिकों को दिल्ली में हिरासत में लिया

**नयी दिल्ली :** दिल्ली में मानव तस्करी और अवैध प्रवास में कथित संलिप्तता के आरोप में बांग्लादेश के दो नागरिकों को हिरासत में लिया गया है। इनमें से एक को पहले भी भारत से निर्वासित किया जा चुका है। एक पुलिस अधिकारी ने बुधवार को इसकी जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि मानव तस्करी की गतिविधियों में शामिल एक बांग्लादेशी नागरिक की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद आरोपियों को 16 मार्च को मुखर्जी नगर इलाके में जीटीबी नगर मेट्रो स्टेशन के पास से पकड़ा गया। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी की पहचान बांग्लादेश के जेस्सोर निवासी रोबिउल मुल्ला (45) के रूप में हुई है।

## धामी ने श्री श्री रविशंकर से भेंट कर लिया उनका आशीर्वाद

**देहरादून :** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने बुधवार को आध्यात्मिक गुरु श्री श्री रविशंकर से भेंट कर उनका आशीर्वाद लिया और कहा कि उनकी संस्था 'आर्ट आफ लिविंग' विश्व में शांति, योग और मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। ऋषिकेश में हुई इस मुलाकात के दौरान धामी और श्री श्री रविशंकर के बीच सामाजिक समरसता और आध्यात्मिक जागरूकता से जुड़े विभिन्न विषयों पर विचार-विमर्श हुआ। मुलाकात के दौरान मुख्यमंत्री ने कहा कि पद्म विभूषण से सम्मानित आध्यात्मिक गुरु की संस्था 'आर्ट ऑफ लिविंग' विश्व में शांति, योग और मानवीय मूल्यों के प्रसार में महत्वपूर्ण भूमिका निभा रही है। उन्होंने कहा कि उनके मार्गदर्शन से समाज में सकारात्मक ऊर्जा का



संचार हो रहा है जो उत्तराखंड जैसे आध्यात्मिक प्रदेश के लिए अत्यंत प्रेरणादायक है। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य के सर्वांगीण विकास में संत-महात्माओं का मार्गदर्शन बहुत महत्वपूर्ण है। इस मौके पर श्री श्री रविशंकर ने मुख्यमंत्री को आशीर्वाद देते हुए राज्य की उन्नति और समृद्धि की कामना की।

